2	रानीशायर मोड़ से निमचा केबिन तक सड़क को मजबूत करना (3.2 कि. मी.) तथा रानीशायर मोड़ से निमचा रेल-ओवर पुल होते हुए एवं मेजिया सड़क से जुडते हुए बर्न्स क्लब तक सड़क का फैलाव।	1.00 करोड़ जमा किए गए। कार्य आसनसोल दुर्गापुर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है।
3	सलानपुर क्षेत्र के बाराबनी के अंतर्गत मोहनपुर कोलियरी के निकट अमीढ़ा गाँव में 400 मीटर ज़िला परिषद सड़क का विपथन।	0.29 करोड़ जमा किए गए। कार्य प्रगति पर है।

10.1.5 खान विकास कार्य :

वर्ष के दौरान की गई कुछ प्रमुख खान विकास गतिविधियाँ इस प्रकार हैं :

क्रम सं.	कार्य का नाम	वर्तमान स्थिति
1	पांडवेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत खोट्टाडीह कोलियरी में नए इंकलाइन के ड्रिवेज का निर्माण	कार्यादेश जारी किया गया।
2	झांझरा क्षेत्र में सतह से आर-[illegible] सीम तक मुख्य इंकलाइन के समानान्तर इंकलाइन स्तम्भ के ड्रिवेज का निर्माण	कार्यादेश जारी किया गया।

10.2 एमओयू गतिविधियाँ :

क्रम सं.	प्रदर्शन सूचक	माप इकाई	वर्ष का लक्ष्य	लक्ष्य की प्राप्ति /उपलब्धि
1.	ईसीएल के किसी क्षेत्र में रेलवे साइडिंग का जीर्णोद्धार एवं प्रगति	माह	15 मार्च, 2014	कुनुस्तोड़िया क्षेत्र के अंतर्गत पड़सीया कोलियरी के रेलवे साइडिंग मरीन व्हार्फ

				वाल के निर्माण का कार्य 31.03.2014 को पूरा हुआ।
2.	खदान से साइडिंग तक कोयला परिवहन सड़क का विस्तार	कि॰ मी॰	12	पूरा नहीं हुआ। कार्य प्रगति पर है।

11.0 खान सुरक्षा :

11.1 वर्ष 2013-14 की दुर्घटना सांख्यिकी :

वर्ष	**2013-14***	**2012-13**
i) प्राण-घातक दुर्घटनाएँ (संख्या)	11	10
ii) मृत्यु (संख्या)	11	10
iii) गंभीर चोट (संख्या)	62	79
iv) विपत्ति / मि.टन उत्पादन	0.305	0.295
v) विपत्ति / 3 लाख श्रमिक-पारी	0.195	0.172

(* डीजीएमएस से साथ सामंजस्य का विषय है)

11.2 खान सुरक्षा संबंधी उपाय :

ईसीएल के खदानों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए आईएसओ द्वारा लिए गए कार्य **:**

क. खदानों की जाँच एवं पाई गई कमी के निवारण हेतु निगमित स्तर सुरक्षा बोर्ड का गठन किया गया है। खान सुरक्षा की समीक्षा के लिए प्रत्येक माह सुरक्षा बोर्ड की नियमित बैठक होती है। इस बैठक में सभी कार्यकारी निदेशक, समस्त विभागीय प्रधान, समस्त सुरक्षा बोर्ड सदस्य, समस्त क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक तथा समस्त क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहते हैं। सुरक्षा बोर्ड परिचालित श्रमिक संघों द्वारा नामित 06 सदस्यों से बना होता हैं।

ख. घातक दुर्घटना होने के बाद पिट्स सुरक्षा समिति की विशेष बैठक करना तथा विशेष पिट्स सुरक्षा समिति द्वारा सुझाए गए सुझावों का कार्यान्वयन करना।

ग. मूल कारणों को जानने तथा जिम्मेदारियाँ तय करने के क्रम में घातक दुर्घटनाओं की जाँच।

घ. पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दुर्घटनाओं/खतरनाक संयोगों/पास आती घटनाओं की जाँच निष्कर्ष के समान सुरक्षा परिपत्र जारी करना।

ङ. निवारक कदम उठाने के लिए जानलेवा एवं गंभीर दुर्घटनाओं की सांख्यिकी का विश्लेषण करना एवं अनुरक्षण करना।

च. खदानों में आपूर्ति होने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना।

छ. खदानों में रूफ व्यवहार के अध्ययन तथा रूफ सपोर्ट के सुधार के लिए ईसीएल मुख्यालय मे स्ट्राटा कंट्रोल मॉनिटरिंग सेल की स्थापना की गई है एवं इसी तरह सभी क्षेत्रों में भी स्ट्राटा कंट्रोल मॉनिटरिंग सेल स्थापित किए गए हैं। जब जरूरत हो तब आरएमआर निकाला जाना है तथा तदनुसार सपोर्ट रूल तैयार करवाना है।

ज. खनन एवं विविध गतिविधियों तथा खनन मशीनरी/एचईएमएम के परिचालन के संबंध में सुरक्षित संचालित विधियों को निकालना।

झ. खुली खदानों एवं भूमिगत खदानों में प्रदीप्ति सर्वेक्षण किए गए।

ञ. निवारक कदम उठाने के लिए खुली खदानों में ब्लास्ट होल ड्रिल एवं अन्य एचईएमएम के आस-पास कोलाहल मानचित्रण करवाना।

ट. कमियों के उन्मूलन हेतु खदानों का निरीक्षण के पश्चात आईएसओ से अधिकारियों/निरीक्षण अधिकारियों द्वारा अपवाद रिपोर्ट निदेशक (तकनीकी) के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है उन्होंने संबंधित क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक को कमियों के बारे जानकारी दी एवं उनसे निपटने को कहते है।

ठ. वैधानिक कार्मिकों का नियोजन : जूनियर ओवरमैन-5, माइनिंग सरदार-115 एवं सर्वेक्षक-24।

ड. विविध गतिविधियों, सामान्य या खदान विशेष एवं लागू करने के लिए सुरक्षित संचालन प्रक्रिया तैयार करना।

ढ. डिग्री III खदान में एलएमडी उपलब्ध कराया जा रहा है।

ण. विस्तृत दुर्घटना विश्लेषण किया गया है एवं यह देखा गया कि 05 दुर्घटनाएँ छत/चाल गिरने के कारण, एक ऑब्जेक्ट गिरने के कारण घटीं वहीं दो दुर्घटनाएँ ट्रक/डंपर से संबंधित, एक भूमिगत परिवहन में तथा दो मिश्रित कारणों से घटीं।

त. वर्ष 2013-14 के लिए सुरक्षा अभियान का जो कैलेंडर तैयार किया गया था उसका विस्तृत विवरण निम्नवत है :

माह	सुरक्षा अभियान के मद
अप्रैल, 2013	भूमिगत खदानों में आग एवं विस्फोटक खतरों पर विशेष अभियान
मई, 2013	सतह पर एवं भूमिगत खदान में सामान्य साफ-सफाई
जून, 2013	मानसून की तैयारी पर पुनर्विलोकन.
जुलाई, 2013	पुराने सभी आइसोलेशन स्टोप्पिंग्स का इस प्रकार निरीक्षण कि जल दबाव के निर्माण में कोई जोखिम न हो
अगस्त, 2013	सर्वेक्षण (संयुक्त सर्वेक्षण एवं जाँच सर्वेक्षण योजना), भूमिगत खदानों की वातायन व्यवस्था
सितम्बर, 2013	खान बचाव की तैयारी, विस्फोटकों एवं आयुधागार का संचालन तथा वाइनडिंग, एमएमवी इत्यादि जैसों का सतह स्थापना
अक्तूबर, 2013	रूफ एवं साइड ड्रेसिंग तथा अवलंब
नवम्बर, 2013	आग खतरा तथा अग्निशमन व्यवस्था
दिसम्बर, 2013	यात्रा के रोडवेज, उनकी सफाई, व्हवाइट वाश, डस्टिंग, ड्रेसिंग, सपोर्टिंग आदि
जनवरी, 2014	ईसीएल की सभी भूमिगत खदानों में सपोर्ट्स एंड इम्प्लीमेंटेशन ऑफ एसएसआर पर सुरक्षात्मक कदम
फरवरी, 2014	ईसीएल के समस्त खुली खदान परियोजनाओं में ओपनकास्ट लाइटिंग पर पहल, हौल सड़क की स्थिति, बर्म्स की स्थिति, ओबी डंप्स पर लाइटिंग
मार्च, 2014	स्व-रक्षा तथा उचित अनुभागीकरण एवं पुराने तथा बिना इस्तेमाल किए क्षेत्रों के आइसोलेसन पर वातायन सर्वेक्षण दबाव

विविध वर्षों में रूफ बोल्टों की खपत की संख्या निम्नलिखित है :

(संख्या लाख में)

खपत	2013-14	2012-13
रूफ बोल्ट	9.30	8.53
सिमेंट कैप्सूल	34.16	32.31

11.3 सुरक्षा लेखा परीक्षण :

आंतरिक सुरक्षा लेखा परीक्षण कर दिया गया है। डीजीएमएस की सिफारिश पर बाह्य एजेंसियों द्वारा सुरक्षा लेखा परीक्षण का आयोजन प्रक्रियाधीन है।

11.4 मानसून की तैयारी :

खान सुरक्षा विभाग के नोडल अधिकारियों के साथ कोलियरी प्रबंधन द्वारा जून 2013 में मानसून तैयारी पर एक विशेष अभियान चलाया गया एवं कार्यान्वयन स्तर की मॉनिटरिंग 2013-14 के दौरान की गई। 24x7 आधार पर ईसीएल मुख्यालय में 10.06.2013 से 15.10.2013 तक 24X7 के आधार पर एक नियंत्रण कक्ष खोला गया जिसमें सभी क्षेत्रों में नियंत्रण कक्ष के साथ संपर्क रखने एवं आवागमन के लिए वाहनों एवं टेलीफोन के साथ अधिकारियों की व्यवस्था की गई।

“बाढ़ चेतावनी संदेश” प्राप्त करने हेतु डीवीसी, मैथन के मुख्य अभियंता (हाईड्रल) के साथ नजदीकी संपर्क रखा गया, जब कभी पंचेत एवं मैथन डेम से पानी छोड़ा जाता है। निदेशक मौसम विभाग, अलीपुर कोलकाता तथा निदेशक, क्षेत्रीय चक्रवात चेतावनी केन्द्र, अलीपुर कोलकाता से ‘मौसम पुर्वानुमान रिपोर्ट’ टेलीफोन एवं फैक्स द्वारा प्राप्ति हेतु नजदीकी संपर्क रखा गया ताकि भारी वर्षा/गर्जन/शोवर की चेतावनी क्षेत्रों को दी जा सके।

11.5 सुरक्षा प्रशिक्षण

वर्ष	... के लिए दो सप्ताह का संरचित प्रशिक्षण			
	फ्रंटलाईन पर्यवेक्षक		श्रमिकों का निरीक्षक	
	कार्यक्रम की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या	कार्यक्रम की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
2013-14	4	96	3	41
2012-13	4	86	3	33

11.6 वैधानिक परीक्षा में उपस्थित होने के लिए प्रशिक्षण :

परीक्षा का प्रकार	प्रशिक्षित कर्मियों की संख्या	प्रशिक्षण संस्थान
क. ... में उपस्थित होने के लिए		
प्रथम श्रेणी – कोयला	8	एमटीएस, धधका
द्वितीय श्रेणी – कोयला	11	एमटीएस, धधका
ओवरमैन	14	एमटीएस, धधका
माइनिंग सरदार	67	एमटीएस, धधका
सर्वेक्षक	23	एमटीएस, धधका
बिजली सर्वेक्षक	30	एमटीएस, धधका
वाइंडिंग ईंजन ड्राईवर	22	एमटीएस, रतिबाटी
गैस टेस्टिंग	28	एमटीएस, धधका
ख. व्यवसाय पाठ्यक्रम		
सर्वेक्षक	33	एमटीएस, धधका
माइनिंग सरदार	52	एमटीएस, धधका
इलेक्ट्रिसियन	31	एमटीएस, धधका
ग. डिप्लोमा इन माइनिंग (अंशकालीन)	160	रानीगंज माइनिंग इंस्टीच्यूट

उपरोक्त के अलावा, माइनिंग सरदार की परीक्षा में शामिक होने हेतु 56 कर्मचारियों को पीडीपीटी(भूमिगत) का प्रशिक्षण दिया गया। कोल इंडिया लिमिटेड के □□□□□□□ प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा 202 अधिशासियों को भूमिगत खदान के लिए तथा 65 अधिशासियों को खुली खदानों का प्रशिक्षण दिया गया।

11.7 व्यावसायिक प्रशिक्षण (वीटीसी पर वैधानिक) 2012-13 :

प्रशिक्षण के प्रकार	2013-14	2012-13
आधारभूत (बेसिक)	1313	564
पुनश्चर्या (रीफ्रेशर)	9672	8690
विशेष प्रशिक्षण	5653	6399
आई.ओ.डी.	121	394
ठेका श्रमिक	3833	4568

11.8 ईसीएल में खान सुरक्षा सेवाएँ :

खान बचाव स्टेशन, सीतारमापुर ; पुनश्चर्या प्रशिक्षण के साथ खान बचाव कक्ष (आरआरआरटी) केंद्र तथा झांझरा, मुगमा और कालीदासपुर में संचालित खान बचाव कक्षों के जरिए ईसीएल के समस्त कोलियरी, बीसीसीएल के चुंच विक्टोरिया क्षेत्र, ईस्को की रामपुर कोलियरी के साथ-साथ नगर प्रशासन एवं लोक प्राधिकारण (आवश्यक होने पर) को खान बचाव सेवाएँ प्रदान किया गया हैं।

11.8.1 वर्ष के दौरान खान बचाव सेवाएँ द्वारा निम्नलिखित खदानों में आग/लगातार गर्म होने की घटनाओं का सफलतापूर्वक निपटारण किया गया :

क्रम	कोलियरी	क्षेत्र	दिनांक	
			से	तक
1	बंकोला	बंकोला	12.03.2013	14.03.2013
2	झांझरा	झांझरा	17.06.2013	23.06.2013
3	माधाईपुर	पाण्डेश्वर	22.08.2013	27.08.2013
4	सिदुली	केंदा	22.10.2013	22.10.2013

उपरोक्त के अलावा अन्य 09 (नौ) आपातकालीन खान बचाव सेवाएँ प्रदान की गई जो निम्नवत है :-

क्रम	कोलियरी	क्षेत्र	दिनांक		घटना की प्रकृति
			कब से	कब तक	
1	बैजना	मुगमा	07.06.13	-	हानिकारक गैसों के संचयन हेतु भूमिगत पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण
2	बंकोला	बंकोला	13.06.13	-	कार्बन-डाई-ऑक्साइड से भरे पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण
3	हातीबगान	कुनुस्तोड़िया क्षेत्र के निकट	21.06.13	-	एक परित्यक्त पिट से एक मृत शरीर की बरामदगी
4	श्यामपुर (ए)	मुगमा	11.08.13	12.08.13	एक अवैध कार्यकारी खदान से तीन खनिकों (माइनर्स) को बचाया गया।
5	हुसैनिया मोड़	ईसीएल मुख्यालय के निकट	26.09.13	27.09.13	धसान से एक मृत शरीर की रिकवरी
6	बासन्तीमाता	बीसीसीएल	11.12.13	12.12.13	विशाल चाल गिरने से मृत शरीरों की रिकवरी
7	केंद्रा	पांडवेश्वर	21.01.14		एक मृत शरीर की बरामदगी
8	खास काजोड़ा	काजोड़ा	28.01.14	30.01.14	भूमिगत खदान से एक सर्वेक्षक के मृत शरीर की बरामदगी
9	चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स		29.03.14	31.03.14	भंडार यार्ड में ब्लेजिंग फायर (03 किलोमीटर) का खुलना

11.9 प्रशिक्षण :

खान बचाव केंद्र में पुनश्चर्या (रीफ्रेशर) के साथ-साथ प्रारंभिक प्रशिक्षण निरंतर प्रदान किया गया है जिसका विवरण इस प्रकार है :

विवरण	2013-2014	2012-2013
प्रशिक्षित सुरक्षा बचाव कर्मियों की संख्या	676	679
हाल में प्रशिक्षित कर्मियों की संख्या	26	40
पुनश्चर्या प्रथाओं की संख्या	6040	5970
आपातकालीनों की संख्या	13	10

11.10 आंचलिक खान बचाव प्रतियोगिता :

वर्ष 2013-14 के लिए आंचलिक खान बचाव प्रतियोगिता, पूर्वी अंचल दिनांक 28 सितंबर, 2013 को हुआ जिसमें 12 रेस्क्यू टीमों ने भाग लिया।

11.11 अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता (कोल एवं मेटल) :

22 से 24 दिसम्बर, 2013 तक 44 वाँ अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता (कोल एवं मेटल) खान बचाव स्टेशन, धनसार (बीसीसीएल) द्वारा आयोजित किया गया जिसमें कोल एंड मेटल कंपनीज़ की कुल 21 टीमों ने भाग लिया। ईसीएस से दो टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और फ्रेश एअर बेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

11.12 खान बचाव स्टेशन के लिए बजट प्रावधान :-

विवरण	पूँजीगत बजट (लाख में)		राजस्व बजट (लाख में)	
	2013-14	**2012-13**	**2013-14**	**2012-13**
स्वीकृत	6.10	120.33	1614.05	1260.85
व्यय	5.86	22.08	1460.67	1454.50

11.13 एमओयू गतिविधियाँ :

क्रम सं॰	प्रदर्शन सूचक	माप इकाई	वर्ष का लक्ष्य	लक्ष्य की प्राप्ति /उपलब्धि
1.	संरक्षा प्रबंधन योजना की तैयारी	लाभान्वित खदानों की संख्या	25	पूरा किया गया। 30 खदानों के लिए संरक्षा प्रबंधन योजना तैयार कर ली गई।
2.	यांत्रीकृत रूफ ड्रिलिंग मशीन को सक्रिय करना	स्थापित किए गए एम/सी की संख्या	8	ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में 10 एसडीएल को हाईड्रोलिक रूफ ड्रिलिंग मशीन में रूपांतरित किया गया।
3.	अनुकारियों के माध्यम से डंपर संचालकों का प्रशिक्षण	प्रशिक्षित संचालकों की संख्या	25	38
4.	बहुद्देशीय गाड़ियों की उपलब्धता हेतु आदेश का प्रस्तुतीकरण	माह	15 मार्च, 2014	कार्य प्रगति पर है।

12.0 सामग्री प्रबंधन :

12.1 वस्तु-सूची नियंत्रण एवं प्रबंधन हेतु किए गए उपाय :

विगत वर्ष 2012-13 की तुलना में 2013-14 को समाप्त वर्ष के लिए वस्तुसूची समापन आँकड़े पता चलता है कि वस्तुसूची मूल्यों के हिसाब से 9.08% की कमी आयी है तथा माह खपत में 17.80% तक की कमी आयी है। आँकड़े निम्नलिखित है :

क्रम	विवरण	31.03.2014	31.03.2013	% कमी
1	वस्तु-सूची (मूल्य) (करोड़ में)	152.07	**167.26**	**9.08**
2	वस्तू-सूची (माहवार खपत)	2.54 माह	**3.09** माह	**17.80**

12.2 रद्दी का निपटारण :

ई-निलामी के जरिये रद्दी का निपटारण मेसर्स एम जंक्शन द्वारा संचालित हुआ है। वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान, तीन निलामी संचालित की गयी एवं 3.15 करोड़ रू॰ (लगभग) की बिक्री प्राप्त हुई है।

12.3 ऑनलाइन सामग्री प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन :

ईसीएल के 08 (आठ) क्षेत्रीय भंडारों एवं सेंट्रल वर्कशॉप, सोदपुर में ऑनलाइन सामग्री प्रबंधन प्रणाली (एमएमएस) पूर्ण रूप से संचालित है। 2014-15 के दौरान, पाण्डेश्वर, मुगमा तथा बांकोला क्षेत्रीय भंडारों में ऑनलाइन एमएमएस का कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है एवं उनका संचालन निर्धारित है।

12.4 एमओयू गतिविधियाँ :

क्रम सं॰	प्रदर्शन सूचक	माप इकाई	वर्ष का लक्ष्य	लक्ष्य की प्राप्ति /उपलब्धि
1.	गैर-कार्यकारी, क्षतिग्रस्त तथा अप्रचलित भंडारों के निर्धारण हेतु तकनीकी मूल्यांकन	माह	फरवरी, 2014	पूरा हुआ।
2.	रद्दी के उत्पादन तथा निबटान हेतु समुचित रेकॉर्ड का रखरखाव	माह	फरवरी, 2014	पूरा हुआ। सभी क्षेत्रीय भंडारों ने इस बात की पुष्टि की है कि वे समुचित रेकॉर्ड का रखरखाव करते हैं।

13.0 गुणवत्ता नियंत्रण :

13.1.1 वजन एव साइजिंग स्थिति :

13..1.1 वजन स्तर :

वर्ष 2012-13 के 98.94% की तुलना में 2013-14 में ईपीएस के तहत वजन कुल प्रेषण का 98.95% था। पिछले वर्ष की तुलना में 3.44% की वृद्धि दर्ज़ करते हुए 2013-14 के दौरान ईपीएस में मात्रा तौल 307.25 लाख टन रहा। विगत वर्ष की तुलना में 2013-14 में बिजली घरों की आपूर्ति एवं अन्य खाते के लिए ईपीएस की मात्रा तौल निम्नलिखित है :

विवरण	2013-14			2012-13		
	पावर ईपीएस	अन्य खपत	कुल	पावर ईपीएस	अन्य खपत	कुल
प्रेषित मात्रा (लाख/टन)	310.52	49.26	359.78	300.21	55.21	355.42
ईपीएस के तहत मात्रा तौल (लाख/टन में)	307.25	49.09	356.34	297.02	55.13	352.15
ईपीएस के तहत तौल %	98.95	99.65	99.04	98.94	99.85	99.08

13.3.2 साइजिंग स्थिति

2013-14 में कुल कोयला प्रेषण 359.36 लाख टन था जिसमें से बिजली सेक्टर को 310.52 लाख टन कोयले का प्रेषण किया गया। सीएचपी/एफबी/यूजी द्वारा रेल के माध्यम से बिजली घरों को 269.31 लाख टन साईज्ड कोयले का प्रेषण किया गया जो कुल प्रेषण का

86.73% है। 2012-13 में यह 82.83% था। 2013-14 में सीएचपी/एफबी/यूजी में साईज्ड कोयले की मात्रा में 20.65 लाख टन की वृद्धि हुई है। सीएचपी/एफबी सुविधा के अलावा साईडिंग से प्रेषण में साईजिंग का कार्य डोज़र से किया गया एवं इस प्रकार बिजली घरों को 100% यंत्रीकृत क्रष्ड कोयला आपूर्त कराया गया। विवरण नीचे दिया जा रहा है :

कोयले की साइजिंग	2013-14			2012-13		
	पावर	अन्य	कुल	पावर	अन्य	कुल
सीएचपी/एफबी में साइज्ड मात्रा (लाख/टन)	269.31	31.61	300.92	248.66	38.14	286.80
%	86.73	64.72	83.74	82.83	69.08	80.69
डीजेडआर/एमएनएल	41.21	17.65	58.86	51.55	17.07	68.62
%	13.27	35.28	16.26	17.17	30.92	19.31
कुल	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00

14.0 सतर्कता गतिविधियाँ :

संस्था की पारदर्शी, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने में इसकी जटिल भूमिका पर विचार करते हुए, ईसीएल में प्रबंधन कार्यों के साथ सतर्कता गतिविधियाँ वास्तव में एकीकृत हो गयी हैं। विभिन्न स्टेकधारकों के बीच विश्वास जगाने के लिए पिछले साल उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदमों के परिणामस्वरूप कार्यकुशलता में महत्वपूर्ण सुधार आया एवं उन्हें इस वर्ष एक कदम और आगे बढ़या गया है। नियमित अंतराल में अकस्मात निरीक्षण किए गए तथा बड़ी संख्या में मामलों की गहन जाँच की गई जिनमें प्रणाली सुधार उपायों पर ज़ोर दिया गया। रिसाव तथा प्रणाली में उठाईगिरी पर नियंत्रण रखते हुए महत्वपूर्ण बचाव पर फोकस करते हुए निवारक सतर्कता को जारी रखा गया है। सतर्कता विभाग द्वारा विभिन्न स्टेकधारकों के लिए संचालित जागरूकता-सह-प्रेरणात्मक कार्यक्रम से कंपनी के लाभांश में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, ई-उपलब्धता, ई-भुगतान, डिस्काउंट बिडिंग, सीसीटीवी, शिकायत दर्ज़ करने के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन आदि को प्रस्तुत कर उत्तोलन तकनीक के लिए सतर्कता विभाग द्वारा की गई पहल से कंपनी के प्रदर्शन में काफी सुधार आया है।

14.1 निवारक सतर्कता :

सतर्कता विभाग द्वारा किए जा रहे अकस्मात निरीक्षण की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी से भी अधिक हो गई है जो कंपनी के समस्त परिसर में होने वाली गतिविधियों पर नज़र रखता है। इसके अलावा, एक हज़ार से अधिक लाभुकों को कवर करते हुए विभिन्न स्टेकधारकों के लिए सतर्कता जागरूकता-सह-प्रेरणात्मक कार्यक्रमों का बड़े पैमाने पर आयोजन किया गया। इन प्रयासों का कंपनी की कार्य-संस्कृति पर हितकारी प्रभाव पड़ा एवं इसके प्रदर्शन में सर्वमुखी सुधार आया है।

क्रम	विषय	संख्या
1	आकस्मिक जाँच/निरीक्षण आयोजित	65
2	सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित : आंतरिक संकाय सदस्यों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम अंशधारकों की बैठक निबंध/चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिता बाह्य संकाय सदस्यों द्वारा सेमिनार/कार्यशाला	 20 2 8 3

14.2 व्यवस्थित सुधार के लिए उठाए गए कदम :

वर्ष 2013-14 के दौरान, निम्नलिखित प्रणालीगत सुधार प्रस्ताव प्रबंधन को प्रस्तुत किये गये है :

क) ईसीएल में डाक/प्रेषण पद्धति को और सरल तथा कारगर बनाने के लिए अप्रैल, 2013 के दौरान, एक व्यापक पद्धति सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत किया गया।

ख) डस्ट-बॉण्ड/लॉनीजर तथा फायर रीतार्डेंट सीलण्ट जैसे संरक्षात्मक मदों के आवेदन एवं उपलब्धता के संबंध में मई, 2013 में एक पद्धति सुधारात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग) अगस्त, 2013 के दौरान, कोयला सूचिका (**Coal Card**) के रखरखाव के संबंध में एक अन्य पद्धति सुधारात्मक उपाय की शुरुआत की गई जिससे घरेलू कोयले की उठाईगिरी को रोका जा सके।

घ) विस्फोटकों के उचित इस्तेमाल तथा बारूदघरों के रखरखाव के लिए नवंबर, 2013 के दौरान, एक व्यापक पद्धति सुधार योजना की शुरुआत की गई।

14.3 दंडात्मक सतर्कता :

जानबूझकर कपटपूर्ण इरादे से की गयी अनियमितताओं से सख्ती से निबटा गया तथा संबंधित आचरण नियमावली के अनुसार अनुकरणीय दंडात्मक उपाय किए गए। 03 मामलों में बर्खास्तगी के साथ-साथ 09 लोगों को सज़ा दी गयी।

14.4 उत्तोलन तकनीक :

संस्था की पारदर्शिता एवं कार्यकुशलता में सुधार के लिए सतर्कता विभाग द्वारा उत्तोलन तकनीक के क्षेत्र में कुछ कदम उठाए गए। लगभग 1287 करोड़ रूपयों की राशि के साथ कुल 410 टेंडर का प्रवर्तन करते हुए इस वर्ष ई-टेंडरींग का पूरी तरह संचालन किया गया। वर्तमान वर्ष में टेंडर प्रक्रिया के पूर्ण होने में लगने वाला औसत समय 104.86 दिन से घटकर 52.54 दिन रह गया। यह न सिर्फ अपने आप में व्यापक बचाव को दर्शाता है बल्कि कंपनी की इज़्ज़त तथा इसके सद्भाव में बढ़ावा हुआ है। डिस्काउंट-बिडिंग की प्रस्तुति से सभी बिड्स में विचारणीय कोस्ट-कटिंग में मदद मिली है। ई-भुगतान को अनिवार्य कर दिया गया जिससे मानविक हस्तक्षेप हस्तक्षेप को दूर करने में मदद मिली है एवं इससे भ्रष्ट गतिविधियों में कमी आई है। ई-शासकीय पहल ने न केवल प्रक्रिया को पारदर्शी तथा लोकप्रिय बनाया बल्कि इससे बहुत हद तक कागज़ी एवं नीरस कार्य में कमी आई। सतर्कता विभाग द्वारा लॉन्च किए गए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन का सभी ने स्वागत किया क्योंकि इसकी सहाता से अपने विचारों/शिकायतों/समाधान को प्रकाश में लाना आसान हो गया।

14.5 एकीकरण करार कार्यक्रम का कार्यान्वयन :

ईसीएल में एकीकरण करार विधिवत कार्यान्वित किया गया। आरंभिक सीमा 2 करोड़ रूपये तय किए गए। संबंधित संविदाओं में एकीकरण करार का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान वर्ष के दौरान दो स्वतंत्र वाह्य मॉनीटर नियुक्त किए गए।

14.6 सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन :

केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार 28 अक्तूबर, 2013 से 02 नवम्बर, 2013 तक ईसीएल ने "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मनाया। अपनी गतिविधियों के सभी आयामों पर ईमानदारी एवं पारदर्शिता लाने के लिए तथा जीवन के सभी आयामों से भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु उदारतापूर्वक कार्य करने के लिए 28.10.2013 को ईसीएल की सभी स्थापनाओं में शपथ ली गयी। संगोष्ठी, कार्यशाला, स्टेकधारकों के साथ बैठक आदि जैसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन मुख्यालय के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों एवं इकाइयों में किया गया ताकि स्टेकधारकों के बीच एकता के संदेश का प्रचार किया जा सके। जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में 480 विद्यार्थियों की विशाल प्रतिभागिता रही। ईसीएल की सतर्कता पत्रिका सचेतना का अगला अंक भी प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर सतर्कता विभाग द्वारा एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया गया।

15.0 कर्मियों का विवरण :

कंपनी अधिनियम 1956 के साथ कंपनी (कर्मियों का विवरण) नियम 1975, यथा संशोधित, के भाग 217(2ए) के तहत निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक कोई भी कर्मियों ने प्राप्त नहीं किया हैं।

16.0 राजभाषा कार्यान्वयन :

ईसीएल मुख्यालय तथा इसके 11 क्षेत्र ग क्षेत्र (पश्चिम बंगाल) में स्थित हैं जहाँ हमारे 86% कर्मचारी पदस्थापित हैं। केवल 03 क्षेत्र क क्षेत्र (झारखंड) में स्थित हैं। आलोच्य अवधि के दौरान कंपनी में राजभाषा कार्यान्वयन के अंतर्गत उठाए गए कदमों पर आधारित हमारी निम्नलिखित विशेष उपलब्धियाँ रही हैं :

1. ईसीएल की निजी व्यवस्था से इसके कुनुस्तोड़िया क्षेत्रीय कार्यालय में भी हिंदी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ 21.06.2013 को किया गया। इस केंद्र से नवंबर, 2013 में आयोजित हिंदी प्रवीण परीक्षा में कुल 27 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया एवं सभी सफल घोषित किए गए। उक्त केंद्र में वर्तमान सत्र में कुल 40 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण का लाभ उठा रहे हैं।

2. हिंदीतर भाषी कर्मचारियों के लिए विभागीय व्यवस्था से हिंदी शिक्षण योजना के प्रवीण पाठ्यक्रम की कक्षायें ईसीएल मुख्यालय में लगातार चलायी जा रही हैं। समीक्षाधीन वित्त-वर्ष, 2013-14 में मई - 2013 में आयोजित हिंदी प्रवीण परीक्षा में मुख्यालय से कुल 12 एवं नवंबर - 2013 में कुल 09 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। दोनों सत्रों के परिणाम शत-प्रतिशत रहे।

3. गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 अगस्त, 2013 को अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भारत के विभिन्न प्रान्तों से हिन्दी के गणमान्य कवि शामिल हुए।

4. सभी फाइलों के कवर पर उनके विषय हिंदी में लिखने का नियम शत प्रतिशत लागू किया गया।

5. 01 सितम्बर, 2013 से 14 सितम्बर, 2013 के दौरान राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत तीन प्रकार-- हिंदी में निबंध, कार्यालयीन पत्र एवं टिप्पणी (नोटिंग/ड्राफ्टिंग) लेखन की प्रतियोगिताएँ हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी कर्मियों के लिए अलग-अलग आयोजित की गईं जिसमें भाग लेने वाले कुल 55 प्रतिभागियों को पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

6. 01 अक्तूबर, 2013 को आयोजित हिंदी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ कोयला मंत्रालय, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्य श्री राघवेन्द्र नाथ द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर एक प्रश्न-मंच का आयोजन किया गया। प्रश्नों के सही उत्तर देने वालों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

7. 2013-14 के दौरान, चार हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 28.05.2013 को कंपनी के मुख्य महाप्रबंधकों, महाप्रबंधकों एवं विभागीय प्रधानों के लिए उच्च स्तरीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे भारत सरकार, गृह मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोलकाता के उप-निदेशक (कार्यान्वयन) श्री बी. एन. पाण्डेय ने संबोधित किया।

8. ई.सी.एल. कर्मियों की सेवानिवृति पर प्रबंधन की ओर से उनके नाम, पदनाम, सेवा अवधि इत्यादि के विवरण सहित उन्हें स्मृति-चिह्न के रूप में दिया जाने वाला प्रमाणपत्र हिंदी में बनवाकर दिया जाता है।

9. प्रत्येक विभाग के अधिकारियों को यूनीकोड पद्धति से हिंदी में टंकण का प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे अधिक से अधिक पत्राचार हिंदी में करने के लिए सक्षम हो सकें तथा हिंदी पत्राचार को बढ़ावा मिल सके।

10. सभी विभागों के उपस्थिति रजिस्टर में कर्मचारियों/अधिकारियों के नाम हिंदी एवं अंग्रेजी में लिखना अनिवार्य किया गया। अधिकांश कर्मी अपना हस्ताक्षर हिंदी अथवा क्षेत्रीय भाषा में करते हैं।

11. आलोच्य अवधि में वर्ष 2012-13 की तुलना में हिंदी पत्राचार में क क्षेत्र में 13%, ख क्षेत्र में 12% एवं ग क्षेत्र में 15% की वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य अवधि में हमने मुख्यालय में क क्षेत्र के साथ-साथ ख एवं ग क्षेत्र में भी हिन्दी पत्राचार के लक्ष्य की प्राप्ति की।

12. वर्ष 2013-14 के दौरान मुख्यालय के रवीन्द्र हिन्दी पुस्तकालय के लिए रु.10,000/- की कुल 68 पुस्तकें खरीदी गईं।

13. सार्वजनिक संस्थानों में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट, प्रशंसनीय एवं प्रेरक योगदान के लिए 18वें अखिल भारतीय राजभाषा विकास एवं सम्मान समारोह में 21 मार्च, 2014 को गाँधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली में राष्ट्रभाषा स्वाभिमान न्यास द्वारा **ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सांकतोड़िया को राजभाषा उत्कृष्टता सम्मान से अलंकृत किया गया।**

14. उपरोक्त समारोह में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सांकतोड़िया में राजभाषा हिन्दी के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए **ईसीएल के वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्री राघव प्रसाद पाण्डेय को राजभाषा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।**

15. आलोच्य अवधि के दौरान, ईसीएल मुख्यालय से प्रकाशित होने वाली त्रैमासिक गृह पत्रिका ईसीएल दर्पण के 04 अंक प्रकाशित हुए।

16. आलोच्य अवधि में कम्पनी स्तर पर रंगीन ग्लेज्ड पेपर पर हिंदी में एक वॉल पोस्टर ईसीएल समाचार का प्रकाशन आरंभ किया गया। इसमें ईसीएल के सचित्र समाचार, कर्मियों की उपलब्धियाँ आदि फोटो सहित प्रकाशित की जाती हैं।

17. इसके अतिरिक्त सांकतोड़िया अस्पताल से चेतना, सतर्कता विभाग से सचेतना तथा विप्स (□□□□) की ईसीएल शाखा की ओर से जागृति शीर्षक से वार्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया जिसमें हिंदी के आलेख, लेख एवं अन्य सामग्री प्रकाशित की गई।

17.0 बीआईएफआर एवं बीआरपीएसई स्थिति :

31 मार्च, 1997 को संचित घाटा इसके शुद्ध मूल्य से 251.20 करोड़ से बढ़ गया अतः कंपनी अक्टूबर 1997 में सीका की धारा 15(1) के तहत औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड में भेज दिया गया। 31 मार्च 1998 को सीआईएल द्वारा वित्तीय पुनर्गठन के तहत 1179.45 करोड़ के अनुरक्षित ऋण को इक्विटी अंश पूँजी में परिवर्तित किए जाने के कारण कंपनी का शुद्ध मूल्य उस तिथि को सकारात्मक हो गया एवं कंपनी बीआईएफआर से बाहर निकल गया। चूंकि कंपनी लगातार वर्ष दर वर्ष घाटे में रही अतः कंपनी का शुद्ध मूल्य 31 मार्च

1999 को फिर नकारात्मक हो गई एवं पुनः कंपनी नवम्बर 1999 में बीआईएफआर में चली गई। कंपनी का मामला संख्य 501/2000 के तहत पंजीकृत किया गया।

बीआईएफआर ने नवम्बर, 2004 में ईसीएल की सुधार योजना के कार्यान्वयन के लिए मंजूरी दे दी। योजना के अनुसार, कंपनी का शुद्ध मूल्य कोल इंडिया लिमिटेड की छूट के साथ 2008-09 तक सकारात्मक होने की उम्मीद की गई। दिनांक 06 अक्टूबर, 2006 को आर्थिक मामले पर केबिनट समिति ने बीआरपीएसई की संस्तुतियों पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। संशोधित योजना के अनुसार कंपनी का शूद्ध मूल्य 2009-10 तक सकारात्मक होने की आशा की गई।

बीआईएफआर की सलाह पर 02.09.2011 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही के रिकॉर्ड के सारंश के अनुसार डीएमआरपी सितम्बर 2011 में प्रस्तुत किया गया। ईसीएल की संशोधित डीएमआरपी-सितम्बर 2011 के अनुसार कंपनी का शुद्ध मूल्य 2015-16 में सकारात्मक हो जाएगा।

19.09.2013 को आयोजित बैठक में बीआईएफ़आर बेंच ने कंपनी को मजदूर संगठनों के समक्ष प्रगति रिपोर्ट की प्रति प्रस्तुत करने तथा बीआईएफ़आर एवं एमए (एसबीआई) को भी प्रगति रिपोर्ट निरंतर भेजते रहने का निर्देश दिया। कंपनी का शुद्ध मूल्य जब एक बार सकारात्मक हो जाए तब डिस्चार्ज हेतु समुचित आवेदन को नत्थी करने का भी निर्देश कंपनी को दिया गया।

रिवाइवल प्लान के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं तथा वित्त-वर्ष 2013-14 के अंत तक कोल इंडिया लिमिटेड से छूट के साथ कंपनी द्वारा सकारात्मक शुद्ध मूल्य रिपोर्ट करने की उम्मीद की जा रही है।

18.0 कंप्यूटरीकरण एवं सूचना प्रौद्योगिकी से लैश सेवाएँ :

18.1 ईसीएल में ई-निविदा समाधान का रॉल आउट :

क) ईसीएल की ज़रूरत के अनुसार मेसर्स नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के सहयोग से ईसीएल ई-टेंडरिंग पोर्टल https://ecltenders.gov.in विकसित किया गया जिसका उदघाटन 05.02.2013 को किया गया।

ख) डिस्काउंट बिड टेंडर (14.11.2013 को प्रस्तुत) सहित वर्तमान में कार्य एवं सेवाओं को ईसीएल ई-टेंडरिंग पोर्टल पर अंतिम रूप दिया गया है।

ग) 31.03.2014 तक 1287.00 करोड़ रूपये की राशि के कुल 410 टेंडर ईसीएल ई-टेंडरिंग पोर्टल पर प्रकाशित किए गए जिनमें से कुल 139 टेंडरों को अंतिम रूप दिया गया एवं शेष टेंडर अंतिम रूप दिये जाने के विभिन्न स्तरों पर हैं।

घ) राजमहल क्षेत्र को छोड़कर सभी क्षेत्रों में ई-टेंडरिंग पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए जहाँ 510 भावी बोली लगाने वालों ने भाग लिया।

ङ) ईसीएल के समस्त क्षेत्रों के लिए ई-टेंडरिंग पर जागरूकता-सह-हैन्ड्स कार्यक्रम संचालित किया गया जहाँ विभिन्न क्षेत्रों के 100 अधिकारियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय स्तर पर ई-टेंडरिंग के कार्यान्वयन के संबंध में क्षेत्रों के साथ द्रुत संप्रेषण के लिए नोडल अधिकारियों को नामित किया गया।

च) विभिन्न क्षेत्रों एवं कार्यशालाओं के 246 अधिकारियों के लिए डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) की व्यवस्था की गई।

छ) नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी), चेन्नई के सहयोग से कंपनी के बैंकों के साथ जगह-जगह पर एकीकरण के लिए आवेदन शुल्क एवं ईएमडी के ऑनलाइन भुगतान सुविधा के साथ-साथ इसकी वापसी हेतु कार्य प्रणाली को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसके अति शीघ्र फैलाव की उम्मीद की जा रही है।

18.2 विशेष उपलब्धियाँ :

क) कार्य एवं सेवाएँ टेंडर के लिए राजमहल एवं एस॰ पी॰ माइन्स क्षेत्र को छोड़कर सभी क्षेत्रों ने ऑनलाइन ई-टेंडरिंग आरंभ कर दी है।

ख) ईसीएल में 05.02.2013 को ई-टेंडरिंग के लॉंच होने के बाद टेंडर को पूरा करने की औसत अवधि 2013 के 105 दिनों की तुलना में 2014 में 53 दिन हो गया है। केंदा एवं पांडवेश्वर क्षेत्र के दो टेंडरों को 23 दिनों के भीतर अंतिम रूप दिया गया जिसमें 10 दिन प्रकाशन उद्देश्य के लिए चिहनित किया गया है।

ग) टेंडर कागजात के प्रकाशन एवं छपाई कार्य की लागत निरंतर घटी है; साथ ही प्रिंट मीडिया में विज्ञापन आकार भी घटा है।

घ) पारदर्शी तरीके से टेंडरों को अंतिम रूप दिये जाने में अधिक प्रतियोगिता पैदा हुई है एवं इससे उचित राशि की बचत हुई है।

ङ) ईसीएल के किसी एक क्षेत्र में जीपीएस पर आधारित कोयला ट्रक गतिविधि की मॉनीटरिंग शुरू की गई।

19.0 इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार :

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल रखने के लिए 2013-14 में निम्नलिखित प्राप्त किया गया है।

19.1 सतह संचार :

क. भूमिगत कोलियरी के साथ कुशल सतह संचार हेतु 64 लाइन क्षमता वाले ईपीएबीएक्स का संचालन मुगमा (08), कुनुस्तोड़िया (01) एवं झांझरा (01) के भूमिगत पिट कार्यलायों में किया गया है।

ख. सतग्राम क्षेत्र के लिए 150 लाइन क्षमता वाली 01 ईपीएबीएक्स का संचालन किया गया है।

ग. ईसीएल मुख्यालय, क्षेत्रीय कंप्यूटर केंद्रों एवं ईसीएल विक्रय कार्यालय, कोलकाता के साथ संयोजता स्थापित करने के लिए 16 में से 14 स्थानों पर बीएसएनएल द्वारा संयोजता प्रदान कर ड़िया गया है।

19.2 भूमिगत संचार :

भूमिगत कोलियरियों में इस्तेमाल के लिए 82 साउंड पावर्ड टेलीफोन सेट उपलब्ध करवाए गए।

20.0 भूमि अधिग्रहण एवं भू-सूचना की स्थिति :

20.1 भूमि अधिग्रहण की स्थिति :

वर्ष 2013-14 के लिए मोड वार, परियोजना वार भूमि अधिग्रहण/कब्जा की स्थिति का विवरण निम्नलिखित है:

अधिग्रहण की विधि	अधिगृहित (हेक्टेअर में)	कब्जा (हेक्टेअर में)
काश्तकारी भूमि की सीधी खरीद	125.52	125.52
भूमि अधिग्रहण अधिनियम	0.00	0.00
सीबीए अधिनियम	233.56	255.52
अधिसूचना के भाग 9 मुद्दा	359.08	380.74

भूमि अधिग्रहण मामलों की स्थिति, जो भूमि अधिग्रहण अधिनियम एवं सीबीए अधिनियम के तहत कब्जा की गई है, का विवरण निम्नलिखित है :

भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत :

क्रम सं॰	परियोजना/क्षेत्र का नाम	स्थिति
1	रानीडीह, राजमहल	राज्य सरकार द्वारा दिये गए दिशा-निर्देश के अनुसार 21.04.2013 को जिला कलक्टर, गोड्डा के समक्ष आवेदन पुन: प्रस्तुत किया गया।
2	एस॰ पी॰ माइन्स	एस॰ पी॰ माइन्स के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत 323 हेक्टर ज़मीन के अधिग्रहण के लिए ईसीएल ने 1994 में आवेदन किया। 55.20 करोड़ रूपये राज्य सरकार को जमा करवाया गया। अनुभाग 11 की प्रक्रिया पूरी हो गई है। राज्य सरकार द्वारा सभी गाँवों को क्षतिपूर्ति दे दी गई है, केवल उन मामलों को छोडकर जहाँ पारिवारिक विवाद खड़ा हो गया था। लेकिन उन ज़मीनों पर कब्जा करने की अनुमति अभी भी राज्य सरकार से प्रपट नहीं हुई है। झारखंड सरकार का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग भूमि के स्थानांतरण के लिए ईसीएल को एक 'परिवहन संधि' पर हस्ताक्षर करने पर ज़ोर दे रहा है। इस मामले में 06.01.2014 को उच्च न्यायालय, राँची में एक लिखित याचिका दायर की गई जो अभी लंबित है।

3	कालीपहाड़ी, सारपी, संग्रामगढ़, नारायणकुड़ी ओसी, बनबहाल ओसीपी, गौराण्डी डी ब्लॉक	भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1984 के तहत भूमि अधिग्रहण के इन मामलों में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है।
4	सोनपुर बजारी ओसीपी 20.08 हेक्टर	भूमि अधिग्रहण कलक्टर, बर्दवान को 27.07.2011 को आवेदन दिया गया। राज्य सरकार द्वारा माँगे जाने पर कंपनी ने 10.01.2012 को अनुमानित राशि का 50% अर्थात 0.55 करोड़ रूपये जमा किए। यह फाइल पश्चिम बंगाल सरकार के एल एंड एलआर विभाग में लंबित है। भूमि अधिग्रहण (ए एंड डी) अधिनियम, 1894 के माध्यम से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में विलंब के कारण इकाई ने जिला प्राधिकारी, बर्दवान के समक्ष भूमि अधिग्रहण मामला ड्रॉप करने तथा इस संबंध में जमा की गई राशि की वापसी के लिए आवेदन जमा किया है।
5	मोहनपुर ओसी 16.06 हेक्टर	भूमि अधिग्रहण कलक्टर, बर्दवान को 27.07.2010 को आवेदन किया गया। ईसीएल ने राज्य सरकार के समक्ष फरवरी, 2013 तक 1.93 करोड़ रूपये पूर्ण एवं अंतिम बिल के रूप में जमा किया। भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के अनुभाग 4 के तहत 07.11.2012 को अधिसूचना जारी कर दी गई थी तथा 20.11.2012 को शुद्धि पत्र जारी किया गया एवं यह फाइल भूमि अधिग्रहण कलक्टर, बर्दवान के समक्ष लंबित है। भूमि अधिग्रहण (ए एंड डी) अधिनियम, 1894 के माध्यम से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में विलंब के कारण इकाई ने 01.08.2013 को जिला प्राधिकारी, बर्दवान के समक्ष भूमि अधिग्रहण मामला ड्रॉप करने तथा इस संबंध में जमा की गई राशि की वापसी के लिए आवेदन जमा किया है।
6	नकराकोंडा ओसीपी विस्तार 22.67 हेक्टर	18.05.2011 को आवेदन जमा किया गया। राज्य सरकार द्वारा माँगे जाने पर कंपनी ने 17.02.2012 को अनुमानित राशि का 50% अर्थात 0.51 करोड़ रूपये जमा किए। यह फाइल पश्चिम बंगाल सरकार के एल एंड एलआर विभाग के संयुक्त सचिव के समक्ष लंबित है। भूमि अधिग्रहण (ए एंड डी) अधिनियम, 1894 के माध्यम से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में विलंब के कारण इकाई ने जिला प्राधिकारी, बर्दवान के समक्ष भूमि अधिग्रहण मामला ड्रॉप करने तथा इस संबंध में जमा की गई राशि की वापसी के लिए आवेदन जमा किया है।

सीबीए अधिनियम के तहत :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	स्थिति
1	ललमटिया फेज-□□□, राजमहल	अनुभाग 7 (□) के तहत 02.04.2011 को अधिसूचना जारी की गयी। अनुभाग 9 के तहत 10.04.2012 को अधिसूचना जारी की गयी। अनुभाग 11 के तहत अधिसूचना के लिए आवेदन 03.07.2012 को कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली भेजा गया। अधिसूचना 11 के तहत अधिसूचना प्रकाशन के लिए अनुस्मारक कोयला मंत्रालय को 25 सितंबर, 2013, 09 जनवरी, 2014 एवं 14 फरवरी, 2014 को भेजा गया।
2	सर्बलोंग फेज-□□, राजमहल	अनुभाग 4 (□) के तहत मसौदा अधिसूचना 22.06.2011 को कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजा गया है। अनुभाग 4 के तहत अधिसूचना 31.07.2012 को पूरी हो गयी। अनुभाग 7 (□) के तहत अधिसूचना के लिए आवेदन 08.08.2013 को दिया गया। अनुभाग 7 (□) के तहत अधिसूचना के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा चाहे गये 1बी प्रमाणपत्र में संशोधन 21.10.2013 को प्रस्तुत किया गया।
3	झांझरा	अनुभाग 9 के तहत अधिसूचना 22.02.2013 को जारी हुई। 23.03.2013 को मसौदा अधिसूचना कोयला मंत्रालय को भेजी गयी। 15.06.2013 को अनुभाग 11 के तहत अधिसूचना भारत के गैजेट में प्रकाशित हुई (एस. ओ. 1127). अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी हो गयी है।

20.2 पुनर्वास की स्थिति :

वर्ष 2013-14 के दौरान, 82 घर हटाये गये जिनमें से 56 को प्लॉट आवंटित किए गये तथा 26 को आर्थिक क्षतिपूर्ति दी गयी।

20.3 रेत की खनन पट्टे की स्थिति :

01.04.2013 से 30.09.2013 तक तथा 01.10.2013 से 31.03.2014 तक के लिए नौभरण के उद्देश्य हेतु रेत के निकासी लिए अस्थायी कार्य परमिट संयुक्त सचिव, पश्चिम बंगाल, सी एण्ड आई विभाग, कोलकाता से क्रमशः 05.04.2013 एवं 03.10.2013 को प्राप्त किया गया हैं।

21.0 सुरक्षा प्रबंधन :

सुरक्षा विभाग का लक्ष्य कंपनी की सामग्री एवं कर्मियों की रक्षा करना है। कंपनी के पास तीन प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था है। .

ईसीएल सुरक्षा – 01.04.2013 को 1688

संविदात्मक सुरक्षा – 2229 कर्मी

सीआईएसएफ – 950 कर्मी (लगभग)

ईसीएल सुरक्षा :

ईसीएल सुरक्षा का मुख्य कर्तव्य कंपनी की संपत्ति जैस- भंडार, कार्यालय, विस्फोटक मैगजीन घर, डीपो, अधिकारी बंगला/ कॉलोनी एवं अति विशिष्ट ड्यूटी, लोडेड रेल रेकों, ट्रीपिंग ट्रक/डम्पर का कोल डीपों/साइडिंग से रेलने वजन घरों तक सुरक्षा करना जब तक वजन कार्य पूरा नहीं हो जाता। वर्ष भर सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ के साथ स्थानीय पुलिस द्वारा छापा मारने का कार्य भी किया जाता है। ईसीएल के सुरक्षा कर्मियों को ईसीएल क्षेत्र में हड़ताल/घेराव/प्रदर्शन/भूख हड़ताल एवं किसी प्रकार की कानून व्यवस्था को भंग करने की समस्या से निपटने के लिए भी लगाया जाता है।

संविदात्मक सुरक्षा :

डीजीआर प्रयोजित एजेंसियों के द्वारा संविदा पर सुरक्षा कर्मियों को सामान्यतः बाह्य स्रोत पैच ईसीएल की कुछ कोयलरियों तथा रेलवे रेकों की सुरक्षा पर लगाया जाता है, जब विभागीय सुरक्षा की भारी कमी होती है।

सीआईएसएफ:

सीआईएसएफ को राजमहल, सोनपुर बजारी एवं एसपी माइन्स में स्थिर ड्यूटी के लिए तैनात किया जाता है। इसके अलावा मुगमा क्षेत्र, सलानपुर, श्रीपुर, कुनुस्तोड़िया एवं पांडवेश्वर कालीदासपुर तथा सतग्राम क्षेत्रों में भी इनके कैम्प हैं। ये लोग मोबाईल ड्यूटी पर रखे गए हैं तथा अवैध खनन, कोयले की चोरी तथा अवैध कोयला डीपों पर छापा मारते हैं। कंपनी कोलियरी/क्षेत्रों में हड़ताल/घेराव के दौरान भी सीआईएसएफ की मदद लेते हैं।

सुरक्षा की आधारभूत समस्या -

क) दिन-प्रतिदिन के सुरक्षा कार्यों को करने के लिए जनशक्ति की कमी।

ख) परिवहन एवं संचार प्रणाली की कमी।

ग) सुरक्षा कर्मियों के केन्द्रीकृत आवास की आवश्यकता।

ईसीएल में सुरक्षा-व्यवस्था में सुधार के लिए उठाए गए कदम :

क. 449 सीआईएसएफ कर्मियों की माँग को सीआईएसएफ मुख्यालय को भेजा जा चुका है। ये कर्मीगण विशेष रूप से ईसीएल के विस्फोटक मैगजिन के लिए हैं।

ख. 215 सुरक्षा गार्डों का नव नियोजन।

ग. 106 सुरक्षा सब-इंस्पेक्टरों की नियुक्ति के लिए स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

घ. विस्फोटक मैगजीन, केंद्रीय भंडार एवं रेलवे साईडिंग में सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी गैजेटरी की स्थापना हेतु एजेंसियों से संपर्क किया गया।

ङ. ईसीएल के सुरक्षा कर्मियों को सीआईएसएफ प्रशिक्षकों द्वारा हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया जो ईसीएल द्वारा आयोजित शस्त्र लाइसेंस में शस्त्र धारक के रूप में उनके नाम के शामिल किए जाने के बाद विस्फोटक मैगजीन की सुरक्षा लिए तैनात किये जाएंगे।

च. अन्य श्रेणी के कर्मियों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया गया जो प्रशिक्षण के उपरांत दोनों श्रेणी - महिला एवं पुरूष में सुरक्षा कर्मी के रूप में तैनात किये जाएंगे।

छ. स्थानीय पुलिस स्टेशनों से जब्त कोयले इकट्ठा करने के लिए एक तंत्र की स्थापना की गई है। ईसीएल ने विभिन्न पुलिस स्टेशनों से ज़ब्त कोयला प्राप्त किया है।

ईसीएल में अवैध कोयला खनन को रोकने के लिए उठाए गए कदम :

क) खुफिया संग्रह

ख) विभागीय पे लोडर/डोजर एवं कभी-कभी संविदा पर लेकर अवैध खनन स्थलों तथा धसान प्रभावित स्थलों की डोजिंग/सीलिंग इत्यादि।

ग) सीआईएसएफ, ईसीएल सुरक्षा, पुलिस द्वारा औचक जाँच की जाती है तथा अवैध कोयला, कोल लोडेड ट्रक जब्त करके असामाजिक तत्वों को पुलिस के हवाले कर रहे हैं।

घ) केन्द्रीय /राज्य/जिला स्तर के अधिकारियों के साथ नियमित बैठक की जाती हैं। डोजड अवैध खनन स्थलों के फिर से खुलने से रोकने के लिए जिला प्राधिकारी एवं अनुमंडलीय प्राधिकारी द्वारा संबंधित पुलिस स्टेशनों को चौकसी जाँच बढ़ाने की सलाह दी है।

ङ) प्रभावित स्थलों की क्षेत्रीय टीम जिसमें मुख्य महाप्रबंधमक, क्षेत्रीय सर्वे अधिकारी, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, सीआईएसएफ द्वारा नियमित जाँच की जाती है। तदनुसार कमांडेंट सीआईएसएफ के साथ नियमित बैठक की जाती हैं।

च) अवैध खनन की स्थिति की समीक्षा हेतु आसनसोल अनुमंडल के लिए सुरक्षा समन्वय समिति का गठन करने का संकल्प लिया गया है।

कोयले की चोरी की जाँच/ रोक के लिए उठाए गए कदम :

क. कोयले की चोरी को रोकने के लिए सीआईएसएप कर्मी/निजी सुरक्षा कर्मी के साथ ईसीएल सुरक्षा कर्मियों द्वारा आकस्मिक जाँच/छापा किये गए। जाँच/छापा के दौरान, वे कोयला की जब्ती, शरारती तत्वों की गिरफ्तारी तथा स्थानीय पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करायी गई।

ख. साईडिंग से रेलवे धर्मकाँटा तक कोयला से भरे रेक का अनुरक्षण सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों द्वारा किया जाता है।

ग. चुराई गई /अवैध कोयला खनन के साथ भरे हुए वाहनों का पता लगाने के लिए कोयला बेल्ट में 8 सामरिक बिंदुओं की पहचान की जाती है।

घ. 01 सितम्बर 2011 से आगे आसनसोल-दुर्गापुर में कमीशन दर लागू करने के बाद कोयला चोरी की गतिविधियों को रोकने में सुधार आया है। सीआईएसएप एवं ईसीएल सुरक्षाकर्मियों के साथ कमीशन रेट अधिकारियों ने विभिन्न कदम उठाए है जिसके परिणामस्वरूप ईसीएल के पश्चिम बंगाल क्षेत्र में कोयला चोरी की गतिविधियाँ कम हुई है।

क) ईसीएल सुरक्षा कर्मी, सीआईएसएफ एवं स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध कोयला तस्करी एवं अवैध कोयला खनन से जब्ती का विवरण :

वर्ष	राज्य	छापों की संख्या	जब्त कोयला (टन)	जब्त वाहन	व्यक्तियों की गिरफ्तारी	एफआईआर दायर किया गया
अवैध तस्करी से कोयला जब्ती						
2013-14	पश्चिम बंगाल	375	1801	02	02	05
	झारखण्ड	313	2068	04	--	03
	कुल	688	3869	06	02	08
2012-13	कुल	619	4048	11	26	21
	अंतर	69	-179	-05	-24	-13
ईसीएल सुरक्षा कर्मी, सीआईएसएफ तथा स्थानीय पुलिस द्वारा अवैध खनित कोयला की जब्ती						
2013-14	पश्चिम बंगाल	98	04	--	06	03
	झारखण्ड	29	--	--	--	--
	कुल	127	04	--	06	03
2012-13	कुल	86	--	--	--	--
	अंतर	41	04	--	06	03

ख) डोजिंग/सीलिंग/अवैध खनन स्थलों की फीलिंग के दौरान ईसीएल के लीज होल्ड एवं लीज होल्ड के बाहर डोजिंग स्थल पर ईसीएल सुरक्षा कर्मी को भी तैनात किया गया। वर्ष 2013-14 के दौरान निम्नलिखित डोजिंग/सीलिंग का कार्य अवैध खनन को रोकने के लिए किया गया।

वर्ष	राज्य	डोज्ड साइट	उपयोग की गई मात्रा (लाख घन)	खपित (लगभाग) (` लाख में)	स्थानीय पुलिस स्टेशन को भेजे गई एफआईआर/ सूचना
2013-14	पश्चिम बंगाल	812	1.31	26.64	83
	झारखण्ड	55	34.06	152.78	38
	कुल	867	35.37	179.42	121
2012-13	कुल	1343	5.1167	198.26	160
	अंतर	-476	30.2533	-18.84	-39

इस वर्ष विभिन्न प्रकार की बैठकें जैसे- केंद्रीय/राज्य/जिला/अनुमंडलीय/सीआईएल/कंपनी/कोलियरी स्तर पर बैठक अवैध खनन को रोकने, पश्चिम बंगाल एवं झारखण्ड में कोयले की चोरी रोकने के लिए आयोजित हुई। आसनसोल-दुर्गापुर कमिशनरेट की स्थापना सितम्बर 2011 में होने के बाद ईसीएल प्रबंधन एवं जिला अधिकारी ने कठोर कदम उठाए, ईसीएल अवैध खनन एवं कोयला चोरी में व्यापक कमी हुई। पुलिस के साथ नजदीकी संपर्क के कारण डोजिंग किए गए अवैध खनन स्थलों पुनः नहीं खोला जा सका। कोलियरी/इकाइयों में अन्य सामग्रियों की चोरी में भारी कमी हुई।

ग) अन्य सामग्रियों की चोरी/वसूली

वर्ष	2013-14	2012-13	अंतर (वृद्धि/कमी)
घटनाओं की संख्या	80	175	-95
एफआईआर/सूचना की संख्या	80	170	-90
चोरी की गई संपत्ति (` में)	2799654	7519034	-4719380
वसूली की गई संपत्ति (` में)	--	206450	-206450
गिरफ्तार व्यक्ति	08	03	05

22.0 बाह्य स्रोत खुली खदान पैचों का कार्य-निष्पादन :

22.1 बाह्य स्रोत खुली खदान पैच :

2013-14 में, कंपनी 88.95 लाख टन कोयला उत्पादन किया एवं 532.96 लाख घनमीटर 22 बाह्य स्रोत खुली खदान पैच से क्रमशः 88.50 लाख टन कोयला का उत्पादन एवं 536.86 लाख घनमीटर संस्तर हटाव किया गया। 2012-13 में, 19 बाह्य श्रोत ओसी पैचों से कोयला उत्पादन 83.96 लाख टन एवं अधिभार हटान 460.24 लाख घनमीटर किया गया था।

22.2 भाड़े के एचईएमएम द्वारा दिए गए ओसी पैच :

क्रम	पैच/क्षेत्र का नाम	परिमाण		एजेंसी का नाम /एलओए की संख्या	राशि (रू॰ में)
		कोयला (लाख टन)	अधिभार हटान (लाख टन)		
1	चापापुर-□□/मुगमा क्षेत्र	**8.63**	**23.52**	मेसर्स बीटीसी-बीडीएस-एसपीएस (जेवी), एलओए सं॰- 123, दिनांक-14.08.2013	**27,14,36,330**

2	बहुला/केंदा क्षेत्र	**3.00**	**17.00**	मेसर्स यूसीसी-पीपीपीएल (जेवी), पत्र संदर्भ सं॰ 391, दिनांक-12.06.2013	**25,25,03,780**
3	चित्रा ओसीपी/एस पी माइन्स	**3.50**	**9.98**	मेसर्स एएमपीएल-एसपीएस-बीडीएस(जेवी), एलओए सं॰ – 390, दिनांक – 12.06.2013	**37,52,38,500**
4	कुमारडीह बी/बंकोला क्षेत्र	**4.03**	**13.62**	मेसर्स शर्मा ट्रांसपोर्ट एजेंसी, एलओए सं॰ – 367, दिनांक – 03.06.2013	**16,17,40,540**
5	माधवपुर एक्स्टेंसन/काजोड़ा क्षेत्र	**0.544**	**1.80**	मेसर्स पीपीपी-एसजीसी(जेवी), पत्र संदर्भ सं॰ 392, दिनांक-12.06.2013	**2,00,44,000**
6	पटमोहना ओसीपी/सोदपुर क्षेत्र	**17.00**	**21.00**	मेसर्स एआरईटीपीएल-सीसी(जेवी), एलओए सं॰ – 664, दिनांक-04.10.2013	**1,69,60,720**
7	माधबपुर फेज-[illegible]/काजोड़ा क्षेत्र	**29.00**	**76.50**	मेसर्स सीएमएटीपीएल-केआरएल(जेवी), एलओए सं॰ – 809, दिनांक-01.01.2014	**65,58,05,000**

22.3 ग्लोबल टेंडर :

क्रम सं॰	**कार्य/क्षेत्र का नाम**	**समझौता/एलओए/एजेंसी का नाम**	**पूर्णावधि**
1.	झांझरा सीएम-[illegible] का विस्तार	बोर्ड स्वीकृत	04 साल

22.4 परिवहन अनुभाग : कार्य दिया गया

क्रम सं॰	**कार्य/क्षेत्र का नाम**	**समझौता/एलओए/एजेंसी का नाम**	**पूर्णावधि**
1.	बनजेमारी रेलवे साइडिंग में कोयले की क्रशिंग	एलओए सं॰ – 800, दिनांक – 03.03.2014, रू॰ 1674.75 लाख, मेसर्स बीपीपीएल-यूसीसी (जेवी)	05 साल

22.5 परिवहन कार्य : रियायती बोली :

परिवहन कार्य का आकलित मूल्य 1.5 करोड़ (कोयला) तथा 2.00 करोड़ (बालू) से अधिक मुख्यालय द्वारा निविदाकरण के मायम से ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के लिए निश्चित कर लिया गया है।

23.0 कंपनी अभिशासन :

कंपनी अभिशासन वह प्रक्रिया है जिसके तहत शेयरधारकों एवं सामाजिक अपेक्षाओं के मुलाकात से मिला जाता है। यह एक प्रतिबद्धता है जिसके तहत शेयरधारकों की मौलिक विश्वास को बढ़ाया जाता है, कार्य में पारदर्शिता, संगठन के सभी घटकों के बीच अपनी विश्वास मूल्यों को बढ़ाया जाता है। यह एक नियामक द्वारा लादा गया अनुशासन नहीं है। बल्कि यह एक संस्कृति है जिसके द्वारा शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा, बोर्ड, प्रबंधन एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया जाता है। जिसमें एक रचनात्मक, सकारात्मक सोच, गतिविधियाँ शामिल है जो विभिन्न अंशधारकों के मूल्यों को बढ़ावा देता है।

ईसीएल सभी क्षेत्रों के संचालन, सभी अंशधारकों की बैठक, शेयरधारकों के मूल्यों बढ़ावा देने, सभी अंशधारकों को समय पर सभी सामग्रियों की सूचना समय पर देने में पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही पूर्ण कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। जोखिम कम करने एवं भूमि के कानून के अनुपालन, रणनीति कार्यान्वयन में कंपनी को मार्गदर्शक प्रदान करने के लिए कंपनी के पास एक ठोस पद्धति है।

हमारी कंपनी में कंपनी अभिशासन की धारणा यह है कि दक्षता एवं विकास के सुधार में कंपनी अभिशासन की अहम भूमिका है। इसके साथ ही निवेशकों के विश्वास को बढ़ाने में सहायक है। यह धारणा निम्नलिखित है :

"एक कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में कंपनी बेहतर कॉर्पोरेट पद्धति, अंतःकरण पर आधारित, सादगी, निष्पक्ष, व्यवसायिकता तथा विभिन्न अंशधारकों में विश्वास उत्पन्न करने की जवाबदेही एवं दीर्घावधि सफलता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।"

आपकी कंपनी के कंपनी अधिशासन पर एक प्रतिवेदन अनुलग्नक-VI में रखा गया है तथा 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा कंपनी अभिशासन के अनुपालन के संबंध में लेखा परीक्षकों से प्रमाणीकरण भी अनुलग्नक-VII में दिया गया है।

24.0 अभिस्वीकृति :

आपके निदेशकगण भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, पश्चिम बंगाल सरकार, झारखण्ड सरकार एवं कोल इंडिया लिमिटेड को पूरे वर्ष मूल्यवान निर्देशन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। वे कंपनी के कर्मचारियों को भी धन्यवाद देते है जिन्होंने पूरे मन से कंपनी के हित में कार्य किया। वे सभी मजदूर संगठनों को भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने दिन-प्रतिदिन प्रबंधन को अपना सहयोग प्रदान किया है। वे पूरी तरह आश्वस्त है कि कंपनी के सभी स्तर के कर्मीगण आगामी वर्षों में कंपनी के निष्पादन को बेहतर बनाने के लिए कठिन परिश्रम करते रहेंगे ताकि कंपनी अपनी बीमार अवस्था से खुद को स्वास्थ्य लाभ कर सके एवं बीआईएफआर से मुक्ति पाकर लाभ कमा सके।

आपके निदेशकगण वैधानिक लेखा परीक्षक, कर लेखा परीक्षक तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, कर लेखा परीक्षकों, समवर्ती लेखा परीक्षकों , बीआईएफआर, बीआईपीएसई, एसबीआई, कंपनी रजिस्ट्रार पश्चिम बंगाल सरकार तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को भी उनके द्वारा दिए गए सहयोग और निर्देश के लिए धन्यवाद देते हैं। आपके निदेशकगण उन उपभोक्ताओं को भी धन्यवाद देते है जिन्होंने कंपनी को संरक्षण प्रदान किया।

इस प्रतिवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न है :

i) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के तहत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी।

ii) कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुभाग 204(1) के अनुसार कंपनी सचिव द्वारा दिये गए फॉर्म सं॰ – एमआर-3 में सचिवालयीन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (अनुलग्नक-**VIII**)।

iii) कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुभाग 92(3) के अनुसार 31.03.2014 को समाप्त वित्त-वर्ष के अनुसार फॉर्म सं॰ – एमजीटी-9 में वार्षिक प्रतिवेदन का निष्कर्ष (अनुलग्नक-□□)।

iv) विदेशी मुद्रा में आय एवं खर्च (अनुलग्नक – □)

v) कंपनी के अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का विवरण (अनुलग्नक – □□)

vi) कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (3) एवं 227 (2) के तहत निदेशक के प्रतिवेदन का अनुशेष जिसमें वैधानिक लेखा परीक्षकों का प्रतिवदेन एवं प्रबंधन का उत्तर शामिल है।

निदेशक मंडल की ओर से तथा के लिए

(राकेश सिन्हा)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

सांकतोड़िया,
दिनांक – 07 जून, 2014

3.4.1 31.03.2014 तक चालू अनुसंधान एवं विकास परियोजना का विवरण :

क्रम	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (रू. लाख में)	चालू होने की तिथि	समाप्ति की संशोधित / अनुसूचित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (रू. लाख में)	विवरण
1	भूमिगत खदानों के लिए बेतार नेटवर्क का व्यवहार करते हुए रूफ फॉल संबंधी भविष्यवाणी पद्धति का विकास परियोजना परियोजना कोड: CIL/R&D/1/27/08 कार्यान्वयन एजेंसी: आईआईटी, खड़गपुर, एवं ईसीएल	216.98	मई, 2008	फरवरी, 2011	215.00	25.06.2013 को कोल इंडिया लिमिटेड में आयोजिति 20वीं शीर्षस्थ समिति बैठक में परियोजना समाप्ति रिपोर्ट पर चर्चा हुई। विस्तृत चर्चा के बाद, समिति ने आईआईटी, खड़गपुर को एक ताजा प्रस्ताव (फेज-□□) बनाने एवं प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। आईआईटी, खड़गपुर से फेज-□□ प्रस्ताव आना बाकी है।
2	भूमिगत फंस खान स्थान प्रणाली परियोजना कोड- CIL/R&D/1/35/10 कार्यान्वयन एजेंसी: टीसीएस, सीएमसी एवं सीएमपीडीआईएल (एमई), राँची	489.70	15 जनवरी, 2010	मार्च, 2014 जून, 2013 दिसम्बर. 2012 जून, 2012 दिसम्बर, 2011 जून, 2011	447.98	सभी अनिवार्य जाँच गतिविधियाँ पूरी हो गयी हैं। ईआरटीएल, कोलकाता में पोर्टेबल माइन कम्यूनीकेटर डिवाइस की आईएस जाँच पूरी हो गयी है एवं प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। झांझरा भूमिगत खान में टू-वे वॉइस संप्रेषण के लिए कुट्टा ड्रम 100पी पोर्टेबल एमएफ़ रेडियो की जमीनी जाँच की गयी।
3.	विस्फोट प्रेरित गतिशील भरण के अंतर्गत डेवेलपमेंट एवं डिपिल्लरिंग पैनलों में बोल्ट व्यवहार की जाँच परियोजना कोड: CIL/R&D/1/42/10 कार्यान्वयन एजेंसी: सीएमपीडीआईएल, राँची आईआईटी, खड़गपुर एवं आरडीसीआईएस (सेल), राँची	491.08	15 दिसंबर, 2010	14 दिसंबर, 2013	273.83	परियोजना पूर्ण हो गयी एवं पूर्णता परतिवेदन का प्रारूप प्रस्तुत किया गया है।

क्रम	परियोजना का नाम	वित्तीय परिव्यय (रू. लाख में)	चालू होने की तिथि	समाप्ति की संशोधित / अनुसूचित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (रू. लाख में)	विवरण
4.	कुशल उर्जा प्रबंधन हेतु प्रायोगिक अध्ययन तथा कार्य योजना पर अनुसंधान एवं विकास परियोजना कोड: CIL/R&D/1/55/13 कार्यान्वयन एजेंसी: आईआईएसडब्ल्यूबीएम, कोलकाता एवं डीएफआईसी मनेजमेंट कंसल्टेंट प्रा. लि., कोलकाता	66.19	मार्च, 2013	मई, 2014	53.70	परियोजना समूह ने कुछ खानों से आँकड़े संग्रह किया है। आँकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है। आँकड़ों का विश्लेषण, कंप्यूटरीकृत मोनीटरिंग का विकास एवं ऊर्जा दक्षता मूल प्रदर्शन सूचक की यंत्रीकृत रिपोर्टिंग अंतिम चरण में है। यह पद्धति ऊर्जा संरक्षण (डीजल तथा बिजली दोनों) तथा प्रयोगरत प्रत्येक प्रक्रिया/उपस्कर के साथ संबंधित मूल प्रदर्शन सूचक के संबंध में समस्त आवश्यक विवरण देने में सहायक होगी।
5.	भूमिगत खनन मशीनों के ट्रेलिंग केबलों के लिए रबर कम्पाउन्ड एवं मरम्मत तकनीक का विकास परियोजना कोड: CIL/R&D/1/54/2013 कार्यान्वयन एजेंसी: आईआईटी, खड़गपुर	187.84	मार्च, 2013	फरवरी, 2015	134.00	उपस्करों की उपलब्धता का कार्य प्रगति पर है। आईआईटी, खड़गपुर द्वारा विकसित रबर कम्पाउन्ड के साथ 25 वर्ग मिलीमीटर परिधि एवं 70 मीटर लंबाई वाले एक ट्रेलिंग केबल की आंशिक मरम्मत की गयी। आईआईटी, खड़गपुर में मरम्मत के लिए ईसीएल की विभिन्न कोलियारियों से ऐसे ड्रिल मशीनों का संग्रह किया गया जिंका पुरजोर इस्तेमाल हो चुका है एवं जो खराब हो चुकी हैं।

3.4.2 31 मार्च, 2014 तक चालू विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विवरण :

क्रम	परियोजना का नाम (कोड के साथ)	वित्तीय परिव्यय (रू. लाख में)	चालू होने की तिथि	समाप्ति की संशोधित / अनुसूचित तिथि	प्रगतिशील संवितरण (रू. लाख में)	विवरण
1	पुनःवर्धन कोयला खदान बंजर-भूमि में कार्बन अधिग्रहण- (ईई/ 40) कार्यान्वयन एजेंसी: सीआईएमएफआर	64.76	फरवरी, 2009	जनवरी, 2012	30.00	परियोजना पूर्ण हुई।
2	भूमिगत कोयला खदानों के लिए टेलि-रोबॉटिक एवं दूरस्थ संचालन तकनीक का विकास-एमटी(ईओआई)/162 कार्यान्वयन एजेंसी: सीएमईआरआई, दुर्गापुर; सीआईएमएफआर, धनबाद एवं सीएमपीडीआईएल, राँची	440.12 सीएमईआरआई हेतु - 251.57 सीआईएमएफआर हेतु - 125.55 सीएमपीडीआईएल हेतु - 63.00	सितम्बर, 2012	अगस्त, 2015	170 सीएमईआरआई -95.0 सीआईएमएफ आर - 75.0	सीआईएमएफ़आर, धनबाद भू-तकनीकी संवेदक के विकास से संबंधित कार्य प्रगति पर है। सीएमईआरआई, दुर्गापुर में रोबोट का 3डी प्रारूप विकसित किया गया एवं अनिवार्य संवेदकों का भी विकास किया जा रहा है।
3	विस्फोट प्रारूपण एवं विखंडन नियंत्रण – उत्पादकता की चाभी – मि॰ट॰/164 कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी : सीआईएमएफ़आर, धनबाद	303.86	जनवरी, 2013	दिसंबर, 2015	200.00	निगाही परियोजना, एनसीएल तथा सोनपुर बजारी परियोजना, ईसीएल में जमीनी जाँच की गयी। चट्टान विखंडन पर प्रत्येक विस्फोट के लिए विस्फोट प्रारूपण आयामों का प्रभाव तथा प्रत्येक विस्फोट के लिए वितरण प्रणाली का अध्ययन किया गया। डबल्यूआईपीएफ़आरएजी सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके विखंडित आकार का विश्लेषण किया गया। उपस्कर की उपलब्धता प्रक्रियाधीन है।

अनुलग्नक – III

3.14. परियोजना मोनीटरिंग एवं ऑनगोइंग परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति :

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (मि. टन प्रति वर्ष)	पूँजी (रू. करोड़ में)	स्वीकृति की तारीख	कार्यान्वयन की स्थिति
1	खोट्टाडीह ओसी एयूजी	1.50	19.26	नवम्बर 11	सरकारी भूमि (56.34 हेक्टर) का अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है। 2013-14 में 1.7 मिलियन टन उत्पादन किया गया।
2	सारपी एयूजी भूमिगत	0,30+0.46=0.76	147.86 (120.35 अतिरिक्त)	जून 08	2013-14 में 0.69 मिलियन टन उत्पादन किया गया।भूमि अधिग्रहण का र्या प्रक्रियाधीन है। बीएचपी के निर्माण का क्रार्य भी प्रक्रियाधीन है।
3	बंकोला आर-6 सीम (भूमिगत)	0.24	19.14	मार्च 03	निचली सीमों में प्रवेश के लिए वर्तमान स्तंभों को चौड़ा एवं गहरा करने से संबंधित परियोजना। इससे एलएचडी के परिनियोजन की संभावना है। तकनीक के अद्यतन के साथ-साथ यूबीई के लिए सीएमपीडीआईएल, क्षेत्रीय संस्थान-ष को कहा गया है।
4	कुमारडीह बी भूमिगत	0.42	79.23	जून 06	ईसीएल, बोर्ड ने पीआर की वापसी के लिए प्रस्ताव की स्वीकृति दी है। 0.51 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले सीएम की प्रस्तुति हेतु अद्यतन पीआर को कोस्ट प्लस आधार पर उपस्कर भाड़े पर लेने के विकल्प (मूल्य- 100.74 करोड़) के साथ स्वीकृति मिली। कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा अंतिम स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा है।
5	खांदरा एनकेजी भूमिगत	0.285	18.85	जुलाई 03	स्तंभों के विस्तार एवं गहराई का कार्य पूरा हो गया। कार्य की रुपांतरित पद्धति का अध्ययन किया जा रहा है।
6	परासिया डोवराना भूमिगत	0.16 (इंक.)	11.89	फरवरी 04	निचली सीमों में प्रवेश के लिए परियोजना प्रतिवेदन में वर्तमान स्तंभों के विस्तार एवं गहराई का कार्य शामिल है। सीएमपीडीआईएल,क्षेत्र-I, से पीआर के संशोधन हेतु अनुरोध किया गया है।
7	सिदुली भूमिगत	0.30	54.99	दिसम्बर 06	निचली सीमों में प्रवेश के लिए परियोजना रिपोर्ट में स्तंभों का डूबना शामिल है। 0.51 मिलियन टन प्रति वर्ष के लिए रू. 447.84 करोड़ की अनुमानित पूँजी के साथ सीएमपीडीआईएल द्वारा रीकास्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।
8	नव काजोरा माधबपुर ब्लॉक	0.30	56.14	दिसम्बर 06	ऊपरी सीम आर-[illegible] (टी) के परिनिर्धारण के लिए वैचारिक प्रतिवेदन स्वीकृत हुआ। तकनीक के विकास के साथ पीआर के संशोधन एवं पुनर्गणना के लिए सीएमपीडीआईएल, क्षेत्रीय संस्थान-[illegible] से अनुरोध किया गया।
9	झांझरा पीएसएलडब्ल्यू (आर-6)	1.70	287.17	नवम्बर 06	पीएसएलडब्ल्यू की आपूर्ति के लिए मेसर्स सीओडीसीओ, चीन के साथ 08.01.2013 को करार हुआ। मेसर्स सीओडीसीओ द्वारा निर्मित बिजली समर्थित प्रोटोटाइप की जाँच ईसीएल के अधिकारियों के साथ डीजीएमएस द्वारा की गयी।

10	बेलबाद भूमिगत	0.36 incr.	69.11	फरवरी 09	निचली सीमों में प्रवेश के लिए परियोजना प्रतिवेदन में वर्तमान स्तंभों (2) के विस्तार एवं गहराई का कार्य शामिल है। इससे एसडीएल एवं एलएचडी के परिनियोजन की संभावना है। तकनीक के विकास के साथ पीआर के संशोधन एवं पुनर्गणना के लिए सीएमपीडीआईएल, क्षेत्रीय संस्थान-[illegible] से अनुरोध किया गया।
11	राजमहल विस्तार	17.00	153.82	सितम्बर 09	भूमि का अधिग्रहण/स्वामित्व तथा आर व आर गतिविधियां चल रही हैं। 2013-14 के दौरान 14.32 मिलियन टन उत्पादन किया गया।
12	मोहनपुर विस्तार खुली खान	1.00	14.23	जून 08	भूमि अधिग्रहण एवं ग्रामीणों के पुनर्वास का कार्य प्रक्रियाधीन है।
13	नारायणकुडी भूमिगत	0.54	149.06	फरवरी 09	12.02.2014 को अंतिम ईएमपी एमओईएफ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इंकलाइन के जोड़े के ड्रिवेज सहित परियोजना प्राधिकारी को परियोजना रिपोर्ट के रीकास्ट के लिए प्रस्ताव आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया।
14	झांझरा में द्वितीय सेट कंटीन्यूअस माइनर	0.51	147.25	मई 11	मार्च, 2014 में परियोजना साइट पट सीएम पैकेज प्राप्त हुआ। उपस्कर का संग्रह तथा जाँच–कार्य प्रगति पर है।
15	सोनपुर बजारी कम्बाइन्ड खुली खान	8.00	1055.05	अगस्त 12	जनवरी, 2014 में तुमनीनाला का विपथन। गाँवों के पुनर्वास का कार्य प्रगति पर है। मेसर्स आरआईटीईएस द्वारा नये रेलवे साइडिंग के निर्माण हेतु टेंडर जारी किया गया। 2013-14 के दौरान 6.40 मिलियन टन उत्पादन हुआ। एनएच-60 के विपथन के लिए एनएचएआई को पूँजी सहित भूमि की हैंडलिंग हेतु प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।
16	खोट्टाडीह सी एम	0.6 (इंक्री.)	127.17	मई 11	ग्लोबल टेंडर कागजात की तैयारी चल रही है।
17	चित्रा पूर्व खुली खान	2य50	112.69	अगस्त 07	323 हेक्टर भूमि (जे बी भूमि) के अधिग्रहण के लिए आवेदन किया गया। राज्य प्राधिकरण डीड ऑफ कोन्वेएंस को कार्यान्वित करने पर ज़ोर दे रहा है जिसके विरुद्ध दिसंबर, 2013 में उच्च न्यायालय, झारखंड में एक लिखित याचिका दायर की गयी। 124.28 हेक्टर जंगली भूमि हेतु द्वितीय चरण की सफाई का कार्य झारखंड राज्य सरकार के समक्ष लंबित है।

प्रबंधन का विचार-विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट 2013-14

भारतीय अर्थव्यवस्था का अवलोकन :

विद्युत उत्पादन क्षमता के आधार पर अनुमानित जीडीपी के साथ भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था यूरोपियन यूनियन, संघ राज्य तथा चीन के बाद विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था विश्व में तेज़ी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था है। भारतवर्ष में कोयला एक प्रमुख ईंधन है तथा भारतवर्ष में ऊर्जा की आवश्यकता का लगभग 52% इससे मिलता है और भविष्य में भी ऊर्जा की आपूर्ति का यह महत्वपूर्ण माध्यम बना रहेगा।

वैश्विक कोयला उद्योग व संसाधन :

अगले 109 वर्षों के वैश्विक कोयला उत्पादन को पूरा करने के लिए 2012 में वैश्विक कोयला रिज़र्व पर्याप्त था (स्रोत : बी पी आँकड़े 2013). यद्यपि कोल डिपोजिट्स विश्व में सभी ओर फैला हुआ है, विश्व का रीकवरेवल रिज़र्व मुख्यतः पाँच क्षेत्रों – संयुक्त राज्य (28.50%), रूस (18.2%), चीन (13.3%), ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड (9%), भारत (7%) तथा जर्मनी (4.7%) में स्थित है (स्रोत : ऊर्जा संसाधन 2010, विश्व ऊर्जा परिषद).

वैश्विक कोयला उत्पादन व खपत :

संघ राज्य, भारत और आस्ट्रेलिया के पश्चात चीन सबसे बड़ा कोयला उत्पादक देश है। कोयले की खपत के लिए एशिया सबसे बड़ा बाजार है और वर्तमान में विश्व में कोयले की खपत का 69.9% कोयले का उत्पादन करता है जिसका अधिकतर खपत चीन और भारत के द्वारा किया जाता है।

भारतीय कोयला व्यवसाय और रिज़र्व :

अप्रैल, 2013 के भारतीय जैविक स्त्रोत के अनुसार कोयले का उत्पादन 298.94 विलियन टन था। (स्त्रोत :- जीएसआई,भारत सरकार) । भारतवर्ष में कोयले की आसानी से उपलब्धता और कम कीमत के कारण विद्युत का उत्पादन करने वाले संयंत्रों में प्राथमिक ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है। कोयला ऊर्जा का प्रमुख स्त्रोत है और इससे भारत की कुल प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकता का लगभग 52% ऊर्जा उत्पन्न होती है (स्त्रोत बीपी आंकड़े) ।

भारतवर्ष में कोयला उत्पादन व खपत :

जून, 2013 के विश्व ऊर्जा समीक्षा के बीपी आंकड़े के अनुसार कोयला उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में भारतवर्ष तीसरा सबसे बड़ा देश है। 2012 में भारतवर्ष में कोयले का उत्पादन 605.8 मिलियन टन था (स्त्रोत: विश्व ऊर्जा समीक्षा जून, 2013 के बीपी आंकड़े)। इसके अतिरिक्त, कोयले की खपत के क्षेत्र में विश्व में भारतवर्ष तीसरा सबसे बड़ा देश है। उत्पादित कोयले का एकमुश्त हिस्से का उपयोग देश में विद्युत का उत्पादन करने के लिए विद्युत उपक्रम के द्वारा किया जाता है। इसके साथ-साथ, स्टील, सीमेंट, उर्वरक, ईंट निर्माण, कपड़ा एवं रसायन जैसे अन्य उद्योगों में भी कोयले का उपयोग किया जाता है।

परिचय :

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का सामान्य परिचय :

कोल इंडिया के एक सहायक के रूप में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की शुरूआत 01 नवंबर,1975 को हुई थी जिसके अन्तर्गत कोयला खनन प्राधिकरण लिमिटेड के पूर्वी संविभाग के साथ 414 खदानों को शामिल किया गया था तथा उसी दिन से कंपनी ने अपना व्यावसायिक परिचालन की शुरूआत कर दिया। इसका परिचालन पश्चिम बंगाल व झारखंड राज्य में होता है। ईसीएल भारत में सर्वोत्तम गुणात्मकता वाला कोयला उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है। वर्तमान में, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में कुल 105 खदान परिचालन में हैं जिनमें से 84 भूमिगत खदान, 20 खुली खदान तथा 01 मिश्रित खदान है।

मजबूती और कमजोरी :

प्रतिस्पर्धात्मक बल :

क. रानीगंज कोयलांचल में 01/04/2013 तक 20% से कम ऐश कंटेन्ट सहित प्रीमियम श्रेणी के 1200 मीटर की गहराई तक 26.59 बिलीयन टन के रिज़र्व है। एमओईएफ़ अनुबंध की संतुष्टि के लिए इस कोयले का मिश्रण अन्य अनुषंगी कंपनियों से मिले उच्च राख़ वाले कोयले के साथ किया जा सकता है।

ख. झारखंड राज्य में 01/04/2012 (जीएसआई के अनुसार) तक 600 मीटर नीचे से लगभग 18.56 विलियन टन निम्न श्रेणी के कोयले का उत्पादन आरक्षित था जिसमें कि खुले खदान बनाकर आसानी से कोयला निकालने का स्कोप है।

ग. कोयले की मांग आपूर्ति से अधिक है।

घ. कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में भी काम करते हैं।

कमजोरी :

क. रानीगंज में कोयले की खदान की शुरूआत लगभग 150 वर्ष पहले हुई थी। अभी भी कंपनी छोटे खदानों के पुराने लिगेसी , पुराने पवन चक्की, जो कि अपनी क्षमता से 50% तक ही काम करती है, के साथ चल रही है।

ख. जैविक खदान की परिस्थिति काफी कठिन है।

ग. जनसंख्या का घनत्व अधिक होने के कारण भूमि की कमी है।

घ. कोयला क्षेत्र के आसपास बड़ी-बड़ी बिल्डिंग है जो कि खुले खदान को प्रभावित करती हैं।

ङ. बड़ी पम्पिंग व रेत का क्षेत्र।

च. निचली सीमों में व्यापक उत्पादन तकनीक को प्रस्तुत करने में ऊपरी वाटर-लॉग्ड सीम बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

अवसर और चुनौतियां :

अवसर :

क. अंतराष्ट्रीय स्तर पर गैर-कोकिंग कोयले की कीमत बढ़ना ।

ख. ई-मार्केटिंग के माध्यम से कोयले का मूल्य बढ़ना ।

ग. अवैध खनन को रोकने के लिए छोटे ओसी पैचों में कार्यरत संसाधन।

घ. केन्द्रीय व्यापार संगठन से उत्पादन व उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए सकारात्मक सहयोग प्राप्त होना।

ङ. समस्याओं के समाधान हेतु राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों से मिलने वाले सहयोग में वृद्धि।

चुनौतियां :

क. गांववालों से जमीन अधीग्रहण का विरोध ।
ख. अव्यवहार्य भूमिगत खदानों को बंद करने का विरोध।
ग. व्यापक उत्पादन तकनीक तथा ओसी के विस्तार के लिए भूमि की पहचान ।
घ. पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 25% उपकर प्रभार लगाने के कारण ईसीएल के कोयले की बेहतर ई-मार्केटिंग में मुश्किल।

व्यवसाय रणनीति :-

क. उत्पादन को निरंतर बढ़ाते रहना , उत्पादन क्षमता और भारतवर्ष में कोयले की मांग और आपूर्ति के अंतर को दूर करना।
ख. उच्च श्रेणी को कोयले और ई-एक्यूशन कोयले की विक्रय को सुधारने का प्रयास करना।
ग. परिचालन क्षमता को सुधार कर और नियंत्रित करके लाभ को बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा को व्यवस्थित करना।
घ. विस्तृत अन्वेषण के बाद आरक्षित क्षेत्र को बढ़ाने को जारी रखना।
ङ. पर्यावरणपरक और समाजपरक परिचालन के विकास पर ध्यान केन्द्रित करना।

उत्पादन :

विवरण	2013-14	2012-13
ओसीपी-कोयला(एमटी)	29.175	27.052
भूमिगत कोयला(एमटी)	6.871	6.849
कुल	36.046	33.901
वृद्धि %	6.33	10.94
ओबीआर-(एमसीयूएम)	85.76	76.448
वृद्धि %	12.18	26.77

विभागवार या उत्पादनवार कार्यनिष्पादन :

विवरण	2013-14	%	2012-13	%	वृद्धि (%)
एफएसए के अन्तर्गत बाहर से वितरण	30.368	83.76	27.300	76.16	11.22
ई-एक्यूसन	3.904	10.77	4.209	11.74	-7.24
एमओयू के अन्तर्गत भेजना	1.626	4.48	4.010	11.09	-59.45
अन्य	0.080	0.22	0.024	0.07	233.33
स्वयं खपत	0.277	0.77	0.301	0.84	-8.31
कुल ऑफ़ टेक	36.255	100.00	35.844	100.00	1.13

हमारे ग्राहक :

ईसीएल में उत्पादित अधिकांश कोयले को जल विद्युत संयत्रों को आपूर्ति की जाती है।इसके साथ विभिन्न उद्योगो जैसे कि स्टील, सिमेंट , स्पोंज आयरन , सुरक्षा व अन्य विभिन्न उद्योगों में भी कोयले की आपूर्ति की जाती है।

परिवहन, आधारभूत संरचना और लॉगिस्टिक :

खदान से निकाले गए कोयले को वितरण स्थान तक टिपिंग ट्रक और मालवाहक वेल्ट के माध्यम से पहुँचाया जाता है। ग्राहकगण तक कोयले का वितरण रेलमार्ग, सड़कमार्ग तथा रेल एमजीआर पद्धति के माध्यम से पहुँचाया जाता है।

समस्त वितरण ईसीएल के पास उपलब्ध अपने मालवाहक या रेलवे के मालवाहक के द्वारा किया जा सकता है। ग्राहक रेलमार्ग या सड़कमार्ग में से किसी एक परिवहन के मार्ग का चयन कर सकते हैं। खदान से वितरण स्थान यदि तीन किलोमीटर की दूरी पर हो तो खदान से निर्दिष्ट वितरण स्थान तक कोयले के परिवहन में आने वाले खर्च का वहन ईसीएल के द्वारा किया जाएगा। यदि वितरण स्थान हमारे खदान से तीन किलोमीटर से अधिक तथा 20 किलोमीटर तक की दूरी पर हो तो कोयले के परिवहन में आने वाले खर्च का वहन, समय-समय सीआईएल द्वारा निर्धारित दर के आधार पर, ग्राहक को ही करना पड़ेगा।

हमारे खदानों से कच्चे कोयले का वितरण करने के लिए उपयोग किए जाने वाले परिवहन के साधनों की सारणी निम्नानुसार है :

प्रेषण का माध्यम	2013-14	2012-13
रेलमार्ग	24.598	24.158
सड़कमार्ग	1.936	2.117
मैरी-गो-राउंड (एमजीआर)	9.444	9.267
कुल	35.978	35.542

कोयले का मूल्य :

वर्तमान समय में कूकिंग के लिए प्रयोग न किए जाने वाले कोयले का मूल्य उसके सकल कैलोफिक मूल्य पर निर्भर करता है और कूकिंग के लिए प्रयोग किया जाने वाला कोयला और वैशरी श्रेणी के कोयले का मूल्य निर्धारण अस स्तर पर किया जाता है। सह-कूकिंग कोल का मूल्य निर्धारण अस और नमी के स्तर पर निर्भर करता है। कोयले के मूल्य का संशोधन आवक लागत, इनफिलेशन और आयात कोयले को रखवाने के खर्च के आधार पर निर्धारित किया जाता है। ग्राहक के लिए तय किए गए मूल्य में मूल और अन्य खर्चों (उपकर, रॉयल्टीज, सीमा शुल्क, विक्रय कर और अन्य) को शामिल करके किया जाता है। ईसीएल और उससे जुड़े ग्राहकों के बीच हुए दीर्घावधि ईंधन वितरण समझौते(एफएसएएस) के अन्तर्गत लगभग 90% कोयले का वितरण विक्रय किया जाता है। इसके अतिरिक्त ई – नीलामी योजना के अन्तर्गत भी कोयले का विक्रय किया जाता है। कोल इंडिया लिमिटेड के सुझाव पर 1 जनवरी, 2012 से हम जीसीबी आधारित कोयला मूल्यांकन यांत्रिकी का उपयोग कर रहे हैं।

वितरण व बाजार नीति :

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को ग्राहकों, दीर्घावधि व अल्पावधि दोनों, से प्राप्त कोयले की माँग को पूरा करने के लिए 18 अक्तूवर 2007 में एनसीडीपी जारी की गई है।

ई-नीलामी योजना :

एनसीडीपी के अन्तर्गत संस्थागत तंत्र में उपलब्ध कोयले के माध्यम से जो ग्राहक अपने कोयले की आवश्यकता को पूरा नही कर पाता है , ऐसे ग्राहकों को कोयला उपलब्ध कराने के लिए कोयला के ई-एक्यूसन योजना की शुरूआत की गई है। एमओसी के द्वारा समय-समय पर ई-एक्यूसन के अन्तर्गत ऑफर किए गए कोयले के परिमाण की समीक्षा की जा सकती सकती है। वर्तमान समय में ई-एक्यूसन योजना के अन्तर्गत लगभग 10% कच्चे कोयले का उत्पादन किया जा सकता है। ग्राहकों तथा साथ ही साथ कोयले के विशेष बाजार मूल्य के निर्धारण और अतिरिक्त उत्पादन क्षमता के आधार पर किया जाता है।

ईंधन आपूति समझौता :

एनसीडीपी के शर्त के आधार पर, कोयला कंपनी विधिक एफएसए में प्रवेश किया है जो कि ग्राहकों या राज्य सरकार के द्वारा नामित एजेंसियों से जुड़कर ग्राहकों को उचित वितरण व्यवस्था करती है। हमारी एफएसए को वृहद रूप से निम्न श्रेणियों में बांटा जा सकता है :-

1. विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्रों जिसमें कि राज्य विद्युत उपयोग, निजी विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र (पीपीएस) और स्वतंत्र विद्युत उपयोग करने वाले क्षेत्र (आईपीपीएस) के साथ एफएसए।
2. गैर विधिक उद्योगों में (कैप्टिव विद्युत संयत्र को शामिल करके) ग्राहक के साथ एफएसए।
3. राज्य के नामित एजेंसियों के साथ एफएसए।

अनुसंधान व विकास :

अनुसंधान व विकास के लिए ईसीएल को सीएमपीडीआईएल के साथ जुड़ने की आवश्यकता हुई। , जो कि सीआईएल का एक प्रमुख सहयोगी है। अनुसंधान कार्य को करने के लिए सीएमपीडीआईएल एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है, फंड वितरित करती है तथा साथ ही साथ हमारे अनुसंधान और विकास कार्यों की निगरानी भी करती है।

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और कोल इंडिया लिमिटेड तथा कोयला मंत्रालय के समझौते का ज्ञापन :

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए भौतिक व वित्तीय कार्यनिष्पादन करने के लिए ईसीएल विभिन्न आयामों को सेट करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड तथा कोयला मंत्रालय के साथ एमओयू करती है। कार्यनिष्पादन को श्रेणी 1 से 5 तक के ग्रेड में बाँटा जा है, जिसके अन्तर्गत सर्वोत्तम के लिए ग्रेड 1 तथा निम्नतम के लिए ग्रेड 5 दिया जाता है। वर्ष 2012-13 के लिए ईसीएल को “सर्वोत्तम” ग्रेडिंग प्राप्त हुई है।

आंतरिक नियंत्रण पद्धति और उसकी पर्याप्तता :

व्यवसाय के सक्षम विकास तथा साथ ही साथ विभिन्न नियमों और विनियामकों के दैनंदिन अनुपालन में ईसीएल के आंतरिक नियंत्रण की पद्धति बहुत अच्छी है। सुचारु रूप से इसके संचालन के लिए कंपनी द्वारा विभिन्न प्रकार की नियम पुस्तिकाएँ (पर्चेज़, फ़ाइनेंस, सिविल कौंट्रैक्ट मैनेजमेंट) प्रस्तुत की गई हैं जिनमें उन सभी दिशानिर्देशों एवं विस्तृत प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख है जिनकी आवश्यकता पड़ती है। साथ ही, पद्धति में किसी प्रकार की चूक को दूर करने के लिए इन दिशानिर्देशों/पुस्तिकाओं में विभिन्न स्तरों पर आवश्यक जाँच तथा तुलन का भी उल्लेख है।

कोलियरी/यूनिट स्तर पर डेलीगेशन ऑफ पावर बिलकुल व्यापक/विषद है जो सुनिश्चित करता है कि वस्तुस्थिति एवं महत्व पर निर्भर डेलीगेशन ऑफ पावर के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर ठीक ढंग से निर्णय लिए जा सकें। इस प्रकार, यहाँ निर्णय लेने की एक सहज प्रक्रिया है जो सभी मामलों में समय से निर्णय लेना सुनिश्चित करता है। कंपनी में एक विस्तृत मासिक रिपोर्टिंग पद्धति है जो सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों के प्रदर्शन को प्रकाश में लाने एवं यदि कहीं व्यतिक्रम हो तो यथाशीघ्र ध्यान देने और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का कार्य करती है।

यह सुनिश्चित करने के दौरान कि सभी जाँच एवं तुलन यथास्थान हैं तथा सभी आंतरिक नियंत्रण पद्धतियाँ काम कर रही हैं। होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा तय किये गये कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कंपनी के अपने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के समन्वय से चार्टर्ड/कॉस्ट अकाउंटेंट्स के अनुभवी फ़र्मों द्वारा साल भर निरंतर आंतरिक लेखापरीक्षा की गयी।

आंतरिक नियंत्रण पद्धतियों के अनुपालन पर कंपनी/सीआईएल की लेखापरीक्षा समिति विशेष ध्यान रखती है। आंतरिक लेखापरीक्षकों के महत्वपूर्ण पर्यवेक्षणों की समीक्षा के लिए त्रैमासिक आधार पर कंपनी/सीआईएल की लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाती है जो अनुपालन के लिए आवश्यक निर्देश जारी करती है।

खास मुद्दों पर, प्रबंधन के निर्देशन में, कंपनी का आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग विशेष लेखापरीक्षा/जाँच की व्यवस्था करता है। इस प्रकार की विशेष लेखापरीक्षा/जाँच के संचालन के दौरान, कंपनी में कार्यरत आंतरिक नियंत्रण पद्धतियों की गहन जाँच की जाती है और यदि किसी प्रकार की कमी पायी जाती है तो आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए मामले की रिपोर्टिंग की जाती है।

इस प्रकार, यह महसूस किया गया कि कंपनी के आकार एवं इसके कार्य-निष्पादन की प्रकृति के संबंध में कंपनी की आंतरिक नियंत्रण पद्धति समुचित है।

कॉस्ट ऑडिट :

कंपनी अधिनियम, 1956 के अनुभाग 233बी तथा कंपनी नियमावली, 2011 (कॉस्ट ऑडिट रिपोर्ट) के अनुसार ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए कॉस्ट ऑडिट अनिवार्य किया गया। वित्त-वर्ष 2012-13 हेतु, 27 सितंबर, 2013 को कॉस्ट ऑडिट रिपोर्ट फॉर्म-I-XBRL में केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

परिचालन कार्य-निष्पादन के संबंध में वित्तीय कार्यनिष्पादन पर चर्चा :

परिचालन के परिणाम :

(रूपए – करोड़ में)

विवरण	2013-14	2012-13	वृद्धि (%)
कुल विक्रय	11959.75	12162.59	-1.67
उगाही में कमी	3071.96	2970.68	3.41
शुद्ध विक्रय	887.79	9191.91	-3.31
अन्य आय	712.91	548.56	29.96
कुल आय	9600.70	9740.47	-1.43

कोयले के विक्रय से आय :

कोयले के विक्रय से होने वाली आय मुख्यत: कोयले के मूल्य, उत्पादन तथा वितरण पर निर्भर करता है। विक्रय के अंतर्गत (i) रॉयल्टी, कोयले पर उपकर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं नौभरण उत्पाद शुल्क समेत विविध वैधानिक लेविश तथा (ii) विक्रय कर शामिल है।

व्यय :

मुख्य शीर्षों का विवरण :

(रूपए – करोड़ में)

विवरण	2013-14	2012-13	वृद्धि	
			विशुद्ध	प्रतिशत
स्टॉक में (अभिवृद्धि)/कमी	5.64	168.92	-163.28	-96.66
भंडार एवं पुर्जे	735.36	649.95	85.41	13.14
वेतन एवं पारिश्रमिक	5495.74	5329.99	165.75	3.11
बिजली एवं ईंधन	463.77	433.97	29.82	6.87
सामाजिक ओवरहेड	92.98	117.12	-24.14	-20.61
संविदा व्यय/मरम्मत	742.15	672.36	69.79	10.38
अन्य व्यय	265.34	261.29	4.05	1.55
ब्याज एवं वित्तीय चार्ज	0.98	8.48	-7.50	-88.44
ओबीआर समायोजन	210.00	-324.59	534.59	164.70
अवमूल्यन/हानि	213.50	203.20	10.30	5.07
प्रावधान	-131.57	260.92	-392.49	-150.43
कर के पहले लाभ	1299.28	1897.18	-597.90	-31.52
कर के बाद लाभ	872.23	1655.54	-783.31	-47.31

नकद-प्रवाह :

(रूपए – करोड़ में)

विवरण	31.03.2014	31.03.2013
ओपनिंग कैश एवं कैश समानांतरण	439.15	603.15
क्रियात्मक क्रियाकलापों द्वारा प्राप्त शुद्ध कैश	2168.30	710.79
निवेशात्मक क्रियाकलापों द्वारा प्राप्त शुद्ध कैश	-1364.21	-876.30
वित्तीय क्रियाकलापों में इस्तेमाल शुद्ध कैश	-55.17	1.51
कैश एवं कैश समानांतरण में अंतर	748.92	-164.00
समापन कैश एवं कैश समानांतरण	1188.07	439.15

1.476% के लक्ष्य की जगह उत्पादन की लागत में वास्तविक बदलाव (2012-13 की सीपीटी के प्रतिशत के अनुसार) (-)12.33% है। फरवरी, 2014 के लक्ष्य की जगह दिसंबर, 2013 तक विभिन्न अग्रिमों के बकाया शेष, जमा राशि तथा दायित्व की पुष्टि की गयी।

मानव संसाधन विकास :

जनशक्ति :

श्रेणी	जनशक्ति		वृद्धि (+)/ ह्रास (-)
	31.03.2014	31.03.2013	
अधिशासी	2518	2587	-69
पर्यवेक्षक	5633	5870	-237
मंत्रालयी/लिपिकीय	3466	3954	-488
उच्चतम दक्ष/दक्ष	23636	23944	-308
अर्ध-दक्ष/दक्षताविहीन	35453	37092	-1639
प्रशिक्षु	1120	829	291
कुल	71286	74276	-2450

जनशक्ति में अंतर के कारण :

विवरण	अधिशासी	गैर-अधिशासी	कुल
वृद्धि			
नव-नियुक्ति	97	173	270
चिकित्सा की दृष्टि से अनफ़िट मामलों में नियुक्ति	0	10	10
मृत्यु मामलों में नियुक्ति	0	776	776
पुन:-पदभार-ग्रहण	0	119	119
दूसरी कंपनियों से स्थानांतरण	143	9	152
भूमि के बदले नियुक्ति	0	523	523
गैर-अधिशासी ग्रेड से अधिशासी ग्रेड में पदोन्नति	7	0	7
अधिशासी ग्रेड से गैर-अधिशासी ग्रेड में वापसी	0	73	73
कुल वृद्धि (क)	**247**	**1683**	**1930**
ह्रास			
सेवानिवृत्ति	151	3254	3405
मेडिकल अनफ़िट	0	25	25

मृत्यु	7	686	693
त्यागपत्र	13	7	20
निलंबन	0	21	21
अन्य कंपनियों में स्थानांतरण	71	36	107
जीएच/ईवीआरएस के अंतर्गत वीआर	1	28	29
गैर-अधिशासी ग्रेड से अधिशासी ग्रेड में पदोन्नति	0	7	7
अधिशासी ग्रेड से गैर-अधिशासी ग्रेड में वापसी	73	0	73
कुल ह्रास (ख)	**316**	**4064**	**4380**
अंतर (क-ख)	**-69**	**-2381**	**-2450**

औद्योगिक संबंध :

प्रबंधन की सहभागिता शैली सौहार्दपूर्ण ढंग से गहन विचार-विमर्श द्वारा विवादों/शिकायतों के निपटारण की सुविधा प्रदान करता है। परिणामस्वरूप 2013-14 के दौरान कंपनी में आद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण बना रहा। औद्योगिक संबंध तथा कानून एवं व्यवस्था संबंधी सांख्यिकी निम्नलिखित है -

क्रम सं०	विषय	2013-14	2012-13
1	हड़तालों की संख्या	1	1
2	नष्ट श्रम दिन (लाख में)	0.02	0.28
3	उत्पादन हानि (लाख टन में)	0.36	0.17

कानून एवं आदेश :

विषय	2013-14	2012-13
कानून एवं आदेश (उल्लंघन)	54	119
उत्पादन हानि (लाख टन में)	1.08	0.097

प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी :

ईसीएल के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी अपनी कंपनी के प्रत्येक आयाम में पूर्ण रूप से कार्यरत है। कॉर्पोरेट के साथ-साथ परियोजना/ईकाइयों स्तरों पर संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) कार्यरत है। जेसीसी की बैठक निरंतर होती रहती है जहाँ महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, लागत, कल्याण इत्यादि पर विचार-विमर्श किया जाता है अन्य समिति/बोर्ड जैसे सुरक्षा समिति, कल्याण बोर्ड, स्वास्थ्य सलाहकार मंडल, गृह आवंटन समिति, कैंटिन समिति इत्यादि भी अपनी कंपनी में कार्यरत है। इस तरह के समितियों में श्रमिक संघ की सक्रिय भागीदारी है।

बैठकें	2013-14	2012-13
मुख्यालय स्तर पर संपन्न जेसीसी बैठकों की संख्या	04	03
मुख्यालय स्तर पर संपन्न संरचनात्मक बैठकों की संख्या	20	21

एनसीडब्ल्यूए एवं एलएलएस के अंतर्गत दिया गया रोजगार :

....के तहत रोजगार दिया गया	2013-14	2012-13
एनसीडब्ल्यूए	590	738
लैंड लूजर योजना	488	126
प्रत्यक्ष नियोजन	158	-

भर्ती एवं पदोन्नति में अनुसूचित जाति(अ.जा.)/अनुसूचित जनजाति(अ.ज.जा.) तथा अन्य पिछड़ी वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण :

ईसीएल में अनुसूचित जाति(अ.जा.), अनुसूचित जनजाति(अ.ज.जा.) तथा अन्य पिछड़ी वर्ग की भर्ती के मामले में राष्ट्रपति के निदेशों को क्रियान्वित किया गया है। कुल जनशक्ति में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व निम्नलिखित है -

दिनांक को	कुल जनशक्ति	अनुसूचित जाति वाले अभ्यर्थी		अनुसूचित जाति वाले अभ्यर्थी	
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
31.03.2014	71826	19774	27.53	9475	13.19
31.03.2013	74276	15319	20.62	7893	10.62

2012-13 के दौरान जहाँ अनुसूचित जाति के 332 एवं अनुसूचित जनजाति के 153 कर्मचारी पदोन्नत हुए; वहीं 2013-14 के दौरान पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों की संख्या क्रमश: 401 एवं 187 रही। 31.03.2014 तक कंपनी में अन्य पिछड़ा वर्ग के 18657 कर्मचारी कार्यरत हैं।

एमओयू गतिविधियाँ :

क्रम	कार्यानिष्पादन संकेतक	माप इकाई	वर्ष का लक्ष्य	उपलब्धि
1	जनशक्ति पुनर्गठन स्वैच्छिक सेवानिवृति पुन: नियुक्ति	संख्या %	20 40%	23 48.67%
2	कुल कर्मचारियों का संनिघर्षण प्रतिशत	%	0.01	0.028
3	जॉब-रोटेशन पद्धति, इनाम पद्धति, अग्रिम प्रबंधन कार्यक्रम, बढ़ते अवसर आदि के लिए विभिन्न प्रतिभाओं के प्रबंधन की व्यवस्था का	संख्या	5	5

	कार्यान्वयन			
4	प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष जारी किए गए सुझाव		0.005	0.008
5	राष्ट्रीय पुरस्कार (पीएम श्रम पुरस्कार, विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार) हेतु जमा नामांकन/प्रविष्टियाँ	राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु जमा नामांकनों/प्रविष्टियों की संख्या	5	4
6	शिकायत निवारण पद्धति को लागू करना – वर्ष के दौरान प्राप्त - निवारण की गई समस्याओं का प्रतिशत	% बंदोबस्त	80%	90.65%
7	जहाँ कार्य तनावपूर्ण है वहाँ तनाव कम करने के लिए पेंशन, मेडीकेयर, योगा कक्षाओं का आयोजन तथा जिम जैसी सुविधाओं की स्थापना	कार्यक्रमों की संख्या/योजना के कार्यान्वयन की तारीख	5	33
8	सामाजिक सुरक्षा योजना का प्रारूपण एवं कार्यान्वयन	हाँ/नहीं	हाँ	हाँ
9	कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई संरचनात्मक बैठकों की संख्या	कॉर्पोरेट स्तर पर बैठकों की संख्या	20	24
10	बाहरी एजेंसियों (एम्प्लोयर ऑफ चॉइस, बेस्ट एम्प्लोयर, बेस्ट प्लेस टू वर्क आदि) द्वारा आयोजित सर्वेक्षण में भागीदारी	एक्सीलेंस पुरस्कार के लिए बाहरी एजेंसियों द्वारा आयोजित सर्वे में भागीदारी	फरवरी – 2014	05 फरवरी, 2014 को प्रक्रिया पूरी हुई।
11	एचआर के क्षेत्र में की गई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ	ईआईएस का स्वचलन	फरवरी – 2014	एनईआईएस पद्धति को प्रत्येक महीने अद्यतन किया जाता है।
12	कार्यनिष्पादन प्रबंधन पद्धति के साथ अधिशासी के विकास-योजना	हाँ/नहीं		हाँ
13	पीएमएस से जुड़े पीआरपी का कार्यान्वयन	हाँ/नहीं		हाँ

उत्पादन क्षमता :

पिछले वर्ष के प्रति व्यक्ति 1.944 टन की तुलना में वर्ष 2013-14 में 2.12 टन का सुधार आया है।

श्रमिक संघ :

अधिकांश अकार्यपालक श्रेणी के कर्मचारी विभिन्न संगठनों, जैसे आईएनटीयूसी, आईटीयूसी,एचएमएस,बीएमएस,यूटीयूसी,सीआईटीयू , के सदस्य होटल हैं। जेबीसीसीआई के द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय कोल मजदूरी समझौता के द्वारा अकार्यपालक श्रेणी के कर्मचारी के वेतन संशोधन व सेवा के अन्य शर्तों का निर्धारण किया जाता है। दिनांक 31/12/2011 को एनसीडब्लूए-IX के लिए जेबीसीसीआई ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है और दिनांक 01/07/2011 से 5 वर्षों के लिए कार्यपालकों को शामिल करते हुए सभी कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने के लिए एनसीडब्लूए-IX प्रभावी हो गया है। हमारे कार्यपालक श्रेणियों के कर्मचारियों के वेतन, पर्क्स और भत्तों का निर्धारण भारत सरकार के द्वारा किया जाता है। 1 जनवरी 2007 से कार्यपालकगण के वर्तमान वेतन में सुधार किया गया है।

प्रशिक्षण :

हमारा उद्धेश्य हमारे सभी कर्मचारी को लगातार प्रशिक्षण देना है। कोल इंडिया के द्वारा 1994 में स्थापित इंडयन इन्स्टीटूयट ऑफ़ कोल मैनेजमेंट अग्रिम प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता के विकास, सामान्य प्रबंधन, अग्रिम रख-रखाव के तरीके, प्रबंधन विकास, प्रशिक्षण और कोचिंग, कैरियर विकास और सम्प्रेषण कौशल के क्षेत्र में प्रशिक्षण देती है। इसके अतिरिक्त, हमारी कंपनी ने वाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अधिशासियों की व्यवस्था की है तथा हमारे कर्मचारियों (निदेशकों, वरिष्ठ अधिशासियों एवं गैर-अधिशासी कर्मचारियों सहित) को भारत के बाहर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण सत्रों में भाग लेने के लिए भेजा। आईआईसीएम के अलावा, ईसीएल में भी अच्छे एचआरडी केन्द्र,बीटीसी हैं , जो कि हमारे कर्मचारियों और अधिशासियों को विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। नव-नियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए समय-समय पर प्रवेश प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है।

2013-14 में कंपनी ने 4067 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जबकि वर्ष 2012-13 में यह संख्या 3790 थी। विस्तृत विवरण नीचे दिया जा रहा है :

1. कार्य – योजना :

वर्ष	पाठयक्रम का नाम		प्रतिभागियों की संख्या							
	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य				वास्तविक			
			कार्यपालक	अधीक्षक	कर्मचारी	कुल	कार्यपालक	अधीक्षक	कर्मचारी	कुल
2013-14	132	142	280	500	1030	1810	508	532	1324	2364
2012-13	124	136	280	500	1025	1805	388	478	1350	2216

2. 2012-13 की तुलना में वर्ष 2013-14 के दौरान दिए गए विविध प्रशिक्षण का विवरण :

क्रम	प्रशिक्षण की प्रकृति	2013-14				2012-13			
		अधिकारी	पर्यवेक्षक	कर्मचारी	कुल	अधिकारी	पर्यवेक्षक	कर्मचारी	कुल
1	**सामान्य/कंपनी में प्रशिक्षण :**								
1.i	सहमति ज्ञापन	508	532	1324	2364	388	478	1350	2216
1.ii	गैर सहमति ज्ञापन	323	70	162	555	383	40	118	541
2	**बाह्य प्रशिक्षण (भारत में) :**								
2.i	**आईआईसीएस :**								
2.i.a	एक सप्ताह या अधिक	467	0	0	467	373	0	0	373
2.i.b	सेमिनार/अल्पकालीन पाठ्यक्रम	27	0	0	27	15	3	0	18
2.ii	**बाह्य कंपनी प्रशिक्षण (आईआईसीएस के अलावा) :**								
2.ii.a	अल्पकालीन	24	1	0	25	27	0	0	27
2.ii.b	दीर्घकालीन	0	0	160	160	0	0	160	160
2.ii.c	एक सप्ताह या अधिक	123	7	1	131	87	27	37	151
2.ii.d	सर्वेक्षण में 6 हफ्तों की सघन पाठ्यक्रम (आईएसएम में)	6	0	0	6	4	0	0	4
3	**प्रशिक्षुगण :**								
	पीडीपीटी	0	56	0	56	0	98	0	98
4	**कंपनी के अलावा सेमिनार/कार्यशाला**	250	16	2	268	170	23	7	200
5	**बाह्य (विदेशों में)**	17	0	0	17	2	0	0	2
कुल		**1745**	**682**	**1649**	**4076**	**1449**	**669**	**1672**	**3790**

मानव संसाधन विभाग ने एमजीएमआई, कोलकाता द्वारा माइनिग सरदार परीक्षा पाठ्यक्रम हेतु 30 अभ्यर्थियों के लिए 07 सप्ताह की अवधि के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की।

3. एमओयू गतिविधियाँ :

क्रम	प्रदर्शन संकेतक	माप की ईकाई	वर्ष के लिए लक्ष्य	उपलब्धि
1	परियोजना प्रबंधन में प्रमाणित प्रशिक्षण	अधिकारियों की संख्या	50	62
2	पर्यावरण, वन प्रबंधन एवं भूमि अधिग्रहण में औपचारिक प्रशिक्षण	अधिकारियों की संख्या	4	14
3	संविदा प्रबंधन में प्रमाणित प्रशिक्षण	अधिकारियों की संख्या	4	8
4	जोखिम प्रबंधन में औपचारिक प्रशिक्षण	अधिकारियों की संख्या	4	40
5	प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति प्रशिक्षण योजना एवं प्रशिक्षण की वास्तविकी का प्रतिशत	%	15	35.58
6	कैरियर योजना एवं विकास के तंत्र के जरिए नेतृत्व का विकास करना	%	20	22
7	कर्मी लागत की % के लिए प्रशिक्षण बजट	कर्मी लागत की %	0.0076	0.05
8	कर्मचारियों को बहु-दक्षता/दक्षता उन्नयन हेतु प्रशिक्षण योजना की परिपूर्णता %	%	2	2.59
9	नवीन/उन्नत तकनीक में प्रशिक्षण हस्तक्षेप – नवीन तकनीक में प्रशिक्षण योजना की परिपूर्णता %	%	1	1.15
10	सलाहदाता विकास कार्यक्रम की उपस्थित- मेंटर्स एवं मेंटी की संख्या	हाँ (%)	80%	86.71%
11	वर्ष में शुरू परियोजना के कुछ गुणवत्ता सर्कल की तुलना में सम्पन्न परियोजना के गुणवत्ता सर्कल का %	5 गुणवत्ता सर्कल का गठन	100%	600%

पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षणः

कंपनी द्वारा कोयला खनन के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव पर लगातार नजर रखी जाता है एवं पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम के नियमों एवं धाराओं के अनुसार वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण, भू-अवनति, जंगलों की कटाई आदि पर नियंत्रण हेतु समय-समय पर उचित उपाय किये जाते हैं।

वनरोपण गतिविधि :

ईसीएल में प्रत्येक वर्ष वनरोपण – वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। 2770.50 हेक्टर भूमि में राज्य वैन विभाग के सहयोग से ईसीएल कमान क्षेत्र में 6.9248 मिलियन पौधे लगाये गये। वर्ष 2013-14 के दौरान, 33,000 पौधे लगाने के एमओयू लक्ष्य की जगह 18 हेक्टर भूमि में 45,000 पौधे लगाये गये। इसके साथ-साथ, कार्यालय कॉम्प्लेक्सों, कॉलोनियों तथा आवासीय क्षेत्रों में लगाने हेतु 30,000 फलदार पौधे कर्मचारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के बीच बाँटे गये।

पर्यावरण प्रबंधन योजना मॉनीटरिंग -

एम॰ ओ॰ ई॰ एफ॰ द्वारा स्वीकृत ई॰ एम॰ पी॰ एवं ई॰ सी॰ की मॉनीटरिंग लगातार जारी है। स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में मार्च, 2013 एवं सितंबर, 2013 की समाप्ति पर छह-मासिक अनुपालन रिपोर्ट एमओईएफ़ के समक्ष प्रस्तुत किये गये। ईएमपी के अनुसार प्रशामन उपाय ईसीएल द्वारा किये जाते रहे।

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सांविधिक अनुपालन -

(क) प्रत्येक कोयला खदान में पानी छोड़ने एवं वायु-उत्सर्जन हेतु सहमति राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से ले ली गयी है एवं उसका पुनर्नवीकरण भी लगातार किया जाता रहा है। जल प्रदूषण धारा-1974, वायु प्रदूषण धारा 1981 तथा पर्यावरण सुरक्षा धारा 1986 के नियमों एवं सांविधिक प्रावधान का पालन किया जाता है।

(ख) जल उपकर धारा, 1977 के अनुसार सभी खदानों द्वारा संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ उपभोग किये गये जल पर जरुरी जल उपकर एवं एस॰ पी॰ सी॰ वी॰ द्वारा माँग-टिप्पणी जमा की गयी।

(ग) परियोजनाओं के संबंध में एमओईएफ़ से प्राप्त पर्यावरण समाशोधन वार्षिक पर्यावरण विवरण फॉर्म – V में (पर्यावरण सुरक्षा धारा, 1986 का नियम 14) संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

वायु प्रदुषण नियंत्रण सुविधा की स्थिति :

धूल नियंत्रण उपाय न करने से छेदन, विस्फोट और कोयला परिवहन वायु प्रदूषण के मुख्य कारण हैं। खनन-उपकरणों की डिजाइन इस प्रकार है कि ये कम धूल उत्पन्न करते हैं तथा उत्पादन-बिंदु पर यह शमन करते हैं। कोयले के छेदन एवं काटने का काम शुरु करने के पहले पानी का छिड़काव किया जाता है। साथ ही विस्फोटकों के अधिकतम परिमाण के साथ वैज्ञानिक ढंग से एवं अभिकल्पित तरीके से विस्फोट किया गया ताकि कम धूल उत्पन्न हो, अच्छी तरह विखंडन हो, भूमि कंपन कम हो तथा धुआँ भी कम हो। कोयला परिवहन करने के पहले छिड़काव किया जाता है। कोयला परिवहन का स्थानांतरण बिंदु स्थिर जल छिड़काव के साथ जुड़ा है। सभी ओसीपी के पास मोबाइल जल छिड़काव की उचित व्यवस्था है, जो सड़कों को गीला रखती है ताकि धूल कम उड़े।

वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण की मॉनीटरिंग व्यवस्था की स्थिति :

ईसीएल के वायु, जल एवं ध्वनि स्तर के आँकड़े को मॉनीटर करने वाली वर्तमान पर्यावरण लैबोरेटरी सीएमपीडीआईएल, आर आई-1, आसनसोल का विस्तार किया गया एवं नवीनतम अभिकल्पित वायु मॉनीटरिंग उपकरण पी एम 2.5 को सक्रिय कर उसे आधुनिक किया गया। यह कार्य ईसीएल द्वारा वित्तीय आश्वासन मिलने पर सीएमपीडीआईएल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें ईसीएल के 42 खानों की मॉनीटरिंग में रू॰ 451.24 लाख का वार्षिक खर्च होना है।

जन प्रबंधन :

खदान के जल को स्थित टैंकों से होकर पार किया जाता है ताकि निलंबित एवं अन्य ठोस वस्तुओं को हटाया जा सके। .यह जल औद्योगिक तथा अन्य उद्देश्यों हेतु फिर से इस्तेमाल हो जाता है। रानीगंज एवं मुगमा कोयलांचल में जल से भरे परित्यक्त पिट्स का प्रयोग जल संसाधन के रूप में किया जाता है। यह रिचार्जर के रुप में भी काम करता है तथा जल टेबल को व्यवस्थित रखता है। जल का उपयोग मुख्यतः कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ पहुँचाता है, जिसे नीचे दर्शाया जा रहा है –

(क) **पेय जल :** अधिक से अधिक कॉलोनियों के खान जल को व्यवस्थित टैंक तथा फिल्टर प्लांट में फिल्टर किया जाता है। इसके बाद फिल्टर हुए जल को कॉलोनियों एवं आसपास के जरूरतमंद गाँवों में वितरित किया जाता है। कई पुराने ओसीपी में भरा पानी कर्मचारियों एवं आसपास के गाँवों में रहने वाले स्थानीय लोगों की जरुरतों को पूरा करने में इस्तेमाल किया जाता है। पश्चिम बंगाल सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा पश्चिम बाराबानी के परित्यक्त ईटापाड़ा ओसीपी के जल का प्रयोग 15,000 की आबादी को जलापूर्ति करने में किया जा रहा है। इसी तरह, झारखण्ड सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा मुगमा क्षेत्र के दो परित्यक्त ओपनकास्ट क्वेरीज राजपुरा एवं हरियाजाम से जल लिया जाता है तथा निरसा ब्लॉक के स्थानीय लोगों में जलापूर्ति की जाती है। इसी उद्देश्य से वे प्रतिदिन एक लाख गैलन पानी प्रत्येक खुली खान से निकालते हैं।

(ख) **लघु सिंचाई कार्यक्रम :** ईसीएल के लीज़ पर लिये गये राजमहल जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों की माँग पर सिंचाई के लिए खदान का पानी व्यवस्थित टैंक द्वारा दिया जाता है। आसपास के गाँवों में लघु सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पांडवेश्वर क्षेत्र के ओल्ड पुरुषोत्तमपुर ओसीपी, काजोड़ा क्षेत्र के ओल्ड रियल जामबाद ओसीपी, सलानपुर क्षेत्र के ओल्ड अलकुशा गोपालपुर ओसीपी, ओल्ड डाबर ओसीपी एवं ओल्ड डालमिया ओसीपी जैसे ओसीपी का उपयोग कर रही है।

(ग) **मत्स्य पालन :** पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध पर, पश्चिम बंगाल की सहभागिता के साथ सलानपुर क्षेत्र में पाँच एवं श्रीपुर क्षेत्र में एक परित्यक्त ओसीपी में मछली-मत्स्य पालन के उद्देश्य से आवंटित किया गया ताकि स्थानीय मछुआरों की आजीविका चल सके।

(घ) **वर्षा जल संग्रहण :** भूमि जल के पुनः भरण तथा जल के प्राकृतिक स्रोत की बर्बादी रोकने हेतु वर्षा जल संग्रहण करने के लिए ईसीएल द्वारा व्यापक पैमाने पर पहल की गयी। क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण की कई परियोजनाओं का निर्माण कार्य ज़ोर-शोर से चल रहा है।

(ङ) **भूमि जल सारणी :** ईसीएल के सभी खदानों में भूमि जल स्तर की मॉनीटरिंग सीएमपीडीआईएल, आरआई-□, आसनसोल द्वारा की जा रही है एवं भूमि जल को परिपूर्ण करने तथा इसके स्तर को बनाये रखने हेतु इसके प्रयोग को प्रतिबंधित करने के लिए आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं।

भूमि सुधार :

(क) ओपनकास्ट खदानों में खदानों का पुनः भरण : खनन पद्धति के अभिन्न अंग के रुप में खनन क्रिया के लिए जरुरी न्यूनतम क्रियात्मक खनन क्षेत्र को छोड़कर ओपनकास्ट खदानों में डी-कोल्ड क्षेत्र का उत्खनन एवं पुनः भरण किया गया।

(ख) राख द्वारा भरण एवं पुनः प्रतिष्ठापन : पास के डी॰ वी॰ सी॰ के थर्मल पावर पलांट से मंगाई राख से काजोड़ा तथा कुनुस्तोड़िया के कुछ पुराने परित्यक्त पिटों की करीब 50 हेक्टर भूमि का भरण किया गया। परसाकोला वेस्ट में 10 हेक्टर ऐस-फिल्ड क्षेत्र में पौधारोपण का कार्य डीएफ़ओ, दुर्गापुर द्वारा आगे बढ़ाया गया।

(ग) सैटेलाइट निगरानी द्वारा भूमि सुधार अध्ययन :

2008 से सीएमपीडीआईएल द्वारा सुदूर सैटेलाइट निगरानी की सहायता से राजमहल (17.0 एमटीवाइ) ओसीपी तथा सोनपुर बाजारी (8.0 एमटीवाइ) ओसीपी में भूमि पुनः प्रतिष्ठापन – भूमि सुधार का कार्य किया गया। इसका उद्देश्य परियोजना के लीजहोल्ड क्षेत्र में पुनः भरण, वनरोपण, क्रियात्मक खनन क्षेत्र, जल संपदा एवं बंजर भूमि तथा खेती की भूमि का वितरण और जंगलों का उद्धार है। सैटेलाइट निगरानी के क्षेत्र का विस्तार करने के लिए 5 मिलियन क्यूबिक मीटर से कम की परियोजना क्षमता वाले जामबाद तथा खोट्टाडीह ओसीपी को 2012-13 में शामिल किया गया। 2013-14 के दौरान, तीन नये ओसीपी नामतः मोहनपुर, चित्रा तथा वेस्ट केंदा को सैटेलाइट निगरानी के लिए शामिल किया गया।

सोनपुर बाजारी ओसीपी एवं राजमहल ओसीपी का आईएसओ प्रमाणपत्रण :

2013-14 के दौरान, ईसीएल ने अपने दो बड़े ओपनकास्ट खदानों नामतः राजमहल परियोजना तथा सोनपुर बजारी परियोजना हेतु तीन साल के लिए पहली बार प्रमाणपत्रण आईएसओ 9001,14001 तथा ओएचएसएएस 18001 प्राप्त किया।

खान समाप्ति योजना :

ईसीएल के लगभग सभी खानों की खान बंदी योजना को ईसीएल बोर्ड द्वारा स्वीकृति मिली है।
कोयलांचल के पर्यावरण की स्थिति में सुधार के लिए प्रगतिशील खान बंदी गतिविधियों की शुरूआत की गयी। एमसीपी की स्थिति निम्नानुसार है :

1	बंद/परित्यक्त खदान सहित सभी ईसीएल खदानों को कवर करने हेतु आवश्यक एमसीपी की संख्या (क्लबिंग के बाद)	89
2	सीएमपीडीआईएल द्वारा तैयार एमसीपी की संख्या	88
3	ईसीएल बोर्ड द्वारा स्वीकृत एमसीपी की संख्या	88
4	खान बंदी पर कुल लागत	रू. 2699.34 करोड़
5	88 बच्चों के खातों के साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में संचालित एस्क्रो खाते में खान बंदी पर कुल वार्षिक लागत (2013-14)	रू. 71.34 करोड़
6	चूँकि खदान की पुनर्योजना बन रही है; अतः पांडवेश्वर क्षेत्र की केंदरा कोलियरी की एमसीपी	एक एमसीपी बाकी

गुच्छ खदानों तथा नये/विस्तृत परियोजनाओं का पर्यावरण समाशोधन :

पर्यावरण समाशोधन प्राप्त करने में 2013-14 हुई प्रगति का विवरण इस प्रकार है :

गुच्छ संख्या	खदानों की संख्या	एमटीपीए में शीर्ष क्षमता	31.03.2014 को स्थिति
1	11	3.30	ईआईए/ईएमपी तैयार हुआ, पीएच सफलतापूर्वक किया गया। तकनीकी उप-समिति द्वारा अंतिम ईएमपी जाँच की गयी एवं एमओईएफ़ के समक्ष
2	3	0.45	
6	9	2.25	
9	15	8.00	

			प्रस्तुत किया गया। पर्यावरण समाशोधन आना शेष है।
3	3	3.97	ईआईए/ईएमपी तैयार हुआ। लोक सुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।
5	2	0.63	
7	4	0.74	
12	19	31.83	
4	3	7.71	आंकड़ा तैयार करने का कार्य पूरा किया गया। मसौदा ईआईए/ईएमपी तैयार हुआ।
8	7	2.75	आंकड़ा तैयार करने का कार्य पूरा किया गया। मसौदा ईआईए/ईएमपी तैयार हुआ तथा एसपीसीबी को प्रस्तुत किया गया। लोक सुनवाई की प्रतीक्षा है।
10	19	7.70	
11	11	10.90	

शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम :

क) **विश्व पर्यावरण दिवस का अनुपालन :** 05 जून, 2013 को पूरे ईसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस का अनुपालन किया गया। इस दौरान, पर्यावरण ध्वजारोहण, शपथ ग्रहण एवं पौधारोपण किये गये। साथ ही, 06 एवं 08 जून, 2013 को अंतः-कोलियरी/परियोजना/क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी इकाइयों एवं क्षेत्रों के निरीक्षण तथा पर्यावरण उपायों/गतिविधियों पर उनके वार्षिक प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए विभिन्न निरीक्षण टीमों का गठन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कर्मचारियों के बीच विविध पुरस्कारों का वितरण किया गया।

ख) **किशोर परिवेश मेला एवं अन्य प्रदर्शनियों में भागीदारी :** मानव संसाधन विकास केंद्रों में संचालित घरेलू प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ ईसीएल ने पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 24.12.2013 से 26.12.2013 तक कोलकाता में आयोजित किशोर परिवेश मेला जैसे उन विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया जिंका उद्देश्य पर्यावरण से संबंधित जागरूकता फैलाना है। साथ ही, किशोर परिवेश मेले में बच्चों एवं आम लोगों की जागरूकता के लिए ईसीएल ने एक प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाया जहाँ पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए ईसीएल द्वारा किये गये विभिन्न उपायों को प्रदर्शित किया गया। उस प्रदर्शनी की सभी ने सराहना की। इसके अतिरिक्त, बंगाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आसनसोल में आयोजित प्रदर्शनी में भी ईसीएल ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

वनों के समाशोधन की स्थिति :

परियोजना	क्षेत्र (हेक्टर)	स्थिति
चुपरभीटा ओसीपी (4.0 एमटीवाई)	245.78	दिनांक 30.03.2011 को लिखित पत्र के माध्यम से एमओईएफ़ ने आरओ, भुवनेश्वर को स्थल जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को खा है। स्थल जाँच के लिए एमओईएफ़, भुवनेश्वर कार्यालय ने डीजीपीएस नक्शे

		की माँग की है। डीजीपीएस नक्शा वन संरक्षक को अग्रेषित किया गया है।
हुर्रा 'सी' (3.0 एमटीवाई)	527.043 (पहले फेज में 260.00)	पहले फेज में 260 हेक्टर भूमि विपथन के लिए एमओईएफ़ ने 24 शर्तों के साथ 09.09.2011 को स्टेज-I समाशोधन की स्वीकृति दी है। स्टेज-II समाशोधन की सभी शर्तें तैयार कर ली गयी हैं एवं उसे 17.06.2013 को डीएफ़ओ, गोड्डा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। अनुपालन रिपोर्ट डीएफ़ओ, गोड्डा द्वारा 18.02.2014 को वन संरक्षक, दुमका को अग्रेषित किया गया है।
चित्रा ईस्ट ओसीपी (2.5 एमटीवाई)	124.28	21.04.2010 को एमओईएफ़ द्वारा 124.28 हेक्टर भूमि के स्टेज-I के समाशोधन की स्वीकृति दी गयी। स्टेज-II के समाशोधन के लिए झारखंड सरकार द्वारा 15.09.2011 को एमओईएफ़ के समक्ष प्रस्ताव भेजा गया।
सिमलॉन्ग विस्तार ओसीपी (2.0 एमटीवाई)	83.02	83.02 हेक्टर जंगली भूनी के विपथन के लिए आवेदन 04.11.2013 को डीएफ़ओ, पाकुड़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। 29.11.2013 को डीएफ़ओ, पाकुड़ ने पेड़ों की गणना तथा डीजीपीएस सर्वेक्षण का सुझाव दिया जो प्रक्रियाधीन है।
झांझरा यूजीपी (3.5 एमटीवाई)	90.30 नवीकरण	पश्चिम बंगाल सरकार ने 90.30 हेक्टर भूमि के वन

		लीज़ के नवीकरण के लिए 28.04.2012 को एमओईएफ़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। एमओईएफ़ ने अतिरिक्त जानकारी की माँग की है। जिला मजिस्ट्रेट, बर्दवान द्वारा एफ़आरए के अंतर्गत जारी होने वाले प्रमाणपत्र के लिए अनुपालन लंबित है। अन्य सभी बिंदुओं का अनुपालन किया गया एवं अग्रिम प्रति एमओईएफ़ को प्रस्तुत की गयी।
झांझरा यूजीपी (3.5 एमटीवाई)	78.00	28.09.2012 को डीएफ़ओ, दुर्गापुर के समक्ष 78 हेक्टर नई भूमि के स्टेज-▯ समाशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। 05.03.2014 को इस संबंध में प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है।
सोनपुर बजारी (8.0 एमटीवाई)	32.65	राज्य सरकार द्वारा 30.10.2013 को 32.65 हेक्टर भूमि के स्टेज-▯ समाशोधन के लिए आवेदन एमओईएफ़, दिल्ली को भेजा गया। एमओईएफ़ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अतिरिक्त जानकारी/कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सभी कागजात (एफ़आरए-2006 को छोडकर) अपर पीसीसीएफ़ को प्रस्तुत किया गया है। एफ़आरए 2006 के अंतर्गत प्रमाणपत्र जारी करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट,

		बर्दवान के समक्ष आवेदन दिया गया है।

एमओयू गतिविधियाँ :

क्रम सं॰	प्रदर्शन सूचक	माप इकाई	वर्ष का लक्ष्य	उपलब्धि
1	5 हेक्टर रीक्लेम्ड भूमि की पहचान तथा एकीकृत खेती का कार्य किसी बाहरी एजेंसी को दिया जाना	माह	फरवरी, 2014	पूरा हुआ। सोनपुर बजारी परियोजना में 5 हेक्टर रीक्लेम्ड भूमि में एकीकृत खेती हेतु पश्चिम बंगाल राज्य वन विभाग को 31.01.2014 को एलओआई जारी किया गया।
2	कंटीन्यूअस एयर मॉनीटरिंग स्टेशनों की स्थापना	संख्या	1	पूरा नहीं हुआ
3	अतिथि गृह तथा अस्पताल में सोलर पैनलों की स्थापना	संख्या	1	सोनपुर बजारी क्षेत्र में 09 सौर बत्तियाँ लगाई गईं।
4	वर्षा जल संग्रहण परियोजनाएँ	संख्या	2	1) सलानपुर क्षेत्रीय कार्यालय एवं 2) सोनपुर बजारी परियोजना में वर्षा जल संग्रहण का कार्य पूरा हुआ। सतग्राम क्षेत्र की कोपेक्स कॉलोनी में आरडबल्यूएच परियोजना का निर्माण हुआ। कार्य की समाप्ति होने वाली है।
5	उपभोक्ताओं, वेंडरों तथा ग्रामीणों सहित मुख्य स्टेकधारकों के साथ हुई बैठकों/परामर्शों की संख्या	संख्या	4	5
6	सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरण संबंधी सततता में कंपनी के कार्यनिष्पादन के संबंध में मुख्य स्टेकधारकों से वेब आधारित प्रतिपुष्टि पद्धति की स्थापना	हाँ/नहीं		हाँ

अनुलग्नक – V

सीएसआर गतिविधियाँ – 2013-14

कंपनी की सीएसआर नीति का संक्षिप्त परिचय :

कार्यालय ज्ञापन संख्या – सीआईएल : सीएसआर : 247 ए, दिनांक – 19.12.2012 द्वारा संप्रेषित सीआईएल सीएसआर नीति को ही ईसीएल में स्वीकार किया गया है एवं उसका कार्यान्वयन किया गया। सीएसआर पर डीपीई के दिशानिर्देशों को भी अपनाया गया। यह सामाजिक प्रक्रिया के साथ व्यापार बढ़ाने पर ज़ोर देती है; खास तौर पर 25 किलोमीटर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए प्रयासरत रहकर। यह सुनिश्चित करता है कि समाज का गरीब एवं पिछड़े हिस्से को सतत विकास के पर्याप्त अवसर मिलते रहें। ईसीएल में निम्नलिखित प्राथमिक क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का निर्देश दिया गया।

1. पेय जल की सुविधा
2. शिक्षा
3. सौर प्रकाश पद्धति
4. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
5. स्वच्छता एवं लोक स्वास्थ्य
6. सामुदायिक केंद्रों, रात्रि विश्राम स्थलों, वृद्धाश्रमों के निर्माण/मरम्मत, सड़कों, रास्तों एवं पुलों के निर्माण जैसे आधारभूत विकासात्मक कार्य
7. खेलों की उन्नति
8. दक्षता विकास केंद्रों की स्थापना
9. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं नि:शक्त श्रेणियों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति
10. सरकार के विकासात्मक कार्यक्रमों को पूरा करना

सीएसआर समिति का गठन :

कंपनी के सीएसआर एवं सतत विकास के मामले के परिचालन के क्रम में द्विस्तरीय संरचना गठित की गयी, जिसमें अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता वाली एक बोर्ड स्तर की समिति एवं महाप्रबंधक (कल्याण एवं सीएसआर) की अध्यक्षता में एक बोर्ड स्तर से नीचे की समिति शामिल है। इसका गठन डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार 01.04.2013 को ईसीएल की सीएसआर तथा सतत विकास की योजना, कार्यान्वयन, मॉनीटरिंग तथा मूल्यांकन हेतु किया गया।

उपरोक्त के अलावा, सीएसआर गतिविधियों के समन्वय के लिए ईसीएल मुख्यालय में एक सीएसआर समिति का गठन किया गया जैसा कि सीआईएल सीएसआर नीति में उल्लेख किया गया है।

क्षेत्रीय स्तर पर, सीएसआर गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए बहु-अनुशासनात्मक अधिशासियों की एक सीएसआर समिति का भी गठन किया गया।

पिछले तीन वित्त-वर्षों में कंपनी का औसत शुद्ध लाभ :

पिछले तीन वित्त-वर्षों में कंपनी का औसत शुद्ध लाभ रू. 908.08 करोड़ है। विस्तृत विवरण इस प्रकार है :

विवरण	राशि (रू. करोड़ में)
वित्त-वर्ष 2012-13 में टैक्स देने के उपरांत लाभ	1655.54
वित्त-वर्ष 2011-12 में टैक्स देने के उपरांत लाभ	962.13
वित्त-वर्ष 2010-11 में टैक्स देने के उपरांत लाभ	106.57
तीन वित्त-वर्षों का औसत शुद्ध लाभ	908.08

निर्देशित सीएसआर व्यय :

ईसीएल द्वारा निधि निर्धारण कोल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर नीति पर आधारित है जो प्राप्त आय का 5% अथवा पिछले वर्ष हुए कोयला उत्पादन के रू. 5/- प्रति टन के हिसाब से तय होता है। 2012-13 में उत्पादन 33.901 मिलियन टन था। अत: रू. 5/- प्रति टन के हिसाब से सीएसआर राशि का निर्धारण रू. 16.95 करोड़ हुआ। पिछले वर्ष कुल रू. 12.40 करोड़ खर्च हुए एवं इस प्रकार बजट की कुल राशि रू. 29.35 करोड़ हो गयी।

वित्त-वर्ष के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर खर्च की गयी राशि का विवरण :

क) वित्त-वर्ष 2013-14 के लिए कुल बजट रू. 29.35 करोड़

ख) खर्च नहीं की गयी राशि – रू. 16.81 करोड़

ग) सीएसआर गतिविधियों पर खर्च की गयी वास्तविक राशि - रू. 12.54 करोड़। सीएसआर गतिविधियों का विवरण **अनुलग्नक – ए** के रूप में संलग्न किया गया है।

सीएसआर बजट में स्वीकृत राशि के खर्च न होने का कारण :

सीएसआर से संबंधित डीपीई का संशोधित दिशानिर्देश 01.04.2013 से लागू हो गया। इसकी प्रक्रिया में पूर्ति तथा सभी स्टेकधारकों को समझने में काफी समय लग रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर नीति के अनुसार, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्शेस (TISS), मुंबई द्वारा उक्त प्रस्ताव की जाँच एवं उसके सत्यापन में काफी समय लग गया। साथ ही, इसमें अधिकतर कार्य आधारभूत संरचना से संबंधित हैं जिसमें ईसीएल की टेंडर प्रक्रिया के अनुसार उचित दरों वाली एजेंसी के चयन के लिए पर्याप्त समय की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ, मॉनीटरिंग एवं लेखा-परीक्षण का कार्य भी सीखने की प्रक्रिया में है। मुख्यालय तथा क्षेत्रों की सीएसआर समिति द्वारा सीएसआर व्यय के स्कोप बढ़ाने तथा इसमें लाग्ने वाले समय को कम करने के लिए संसाधनों का उचित प्रयोग किया जा रहा है।

एततद्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि कोल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर नीति तथा डीपीई दिशानिर्देशों के अनुपालन में ईसीएल में सीएसआर नीति का क्रियान्वयन तथा उसकी मॉनीटरिंग 01.04.2013 से की जा रही है।

(राकेश सिन्हा)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
अध्यक्ष – सीएसआर एवं सतत विकास समिति

स्थान – सांकतोड़िया
दिनांक – 07 जून, 2014

अनुलग्नक – ए

वित्त-वर्ष 2013-14 हेतु सीएसआर गतिविधि

क्रम	सीएसआर गतिविधि	सेक्टर	लागत राशि (बजट) (रू. लाख में)	व्यय की गयी राशि (रू. लाख में)	31.03.2014 तक संचित व्यय	प्रत्यक्ष रूप से या कार्यकारी एजेंसी के माध्यम से खर्च की गयी राशि
1	भारा उच्च विद्यालय की मरम्मत	आधारभूत संरचना	1.69	0,46	0.46	कार्यकारी एजेंसी
